दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। गुरुवार 05 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 326 पेज-10 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







अखिलेश का सीएम योगी पर वार

## 'सपा की सरकार बनी तो गोरखपुर की तरफ होगा बुलडोजर का रुख'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुलडोजर एक्शन को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि 2027 में सपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश के सभी बुलडोजरों का रुख गोरखपुर की तरफ होगा। सपा मुखिया का यह रिएक्शन बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद आया है।



अखिलेश यादव सपा कार्यालय में पार्टी के गोरखपुर संगठन के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बुलडोजर एक्शन को लेकर बयान दिया। इसके अलावा सपा मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा था कि सिर्फ आरोपी होने के आधार पर किसी के घर को गिराना उचित नहीं है। अदालत ने शासन और प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति दोषी भी है, तो भी उसके घर को गिराया नहीं जा सकता।

सपा मुखिया ने आगे कहा, ₹वैसे जानते होते तो भी बोल न पाते। अरबों-करोड़ों में सांसद-विधायक की भर्ती करवाने वाले लोग, जितना कम बोलें उतने में ही उनकी इज्जत है। ज्यादा बोलने वालों को ही, ज्यादा सुनना पड़ता है।

बता दें कि हाल ही में समाजवादी पार्टी के दो नेताओं पर बलात्कार का आरोप लगा है। पहला मामला अयोध्या का है, जहां सपा नेता मोईद खान और उसकी बेकरी पर काम करने वाले राजू ने एक नाबालिग लड़की के साथ रेप किया और उसका वीडियो बना लिया।

# पार्षदों और निगम अधिकारियों ने दी नगर आयुक्त को सफल कार्यकाल की बधाई

## कहा नगर आयुक्त के नेतृत्व में सभी निगम अधिकारी और कर्मचारी करेंगे शहर का विकास



### इन योजनाओं की स्वीकृति से मिली शहर के विकास को रफ्तार

करंट क्राइम। नगर आयुक्त के रूप में आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक ने एक साल का कार्यकाल पूरा किया है। उनके नेतृत्व में गाजियाबाद हेतु अनेक योजनाओ की स्वीकृति शासन से मिली और इससे शहर के विकास को रफ्तार मिली। जिन योजनाओं से शहर के विकास को रफ्तार मिली है उनमें सीएम ग्रीड योजना, कार्कस प्लांट, तीसरा एबीसी सेंटर, बायोडॉयर्विसिटी पार्क योजना, इंटीग्रेटिड ट्रैफिक मेनेजमेंट योजना, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनीटरिंग सिस्टम योजना, गाजियाबाद 1911 योजना प्रमुख हैं। इसके अलावा अनेकों ऐसी योजनाएं हैं जिनसे गाजियाबाद की जनता को डॉयरेक्ट लाभ हुआ है।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा हुआ और उनके एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताते हुए उन्हें निगम पार्षदों ने बधाई दी। उन्हें नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बधाई दी और उन्होंने ये उम्मीद जताई कि आगे भी नगर आयुक्त आईएएस। विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में सभी निगम अधिकारी और कर्मचारी शहर के विकास में कार्य करते रहेंगे। नगर आयक्त सभी को मोटीवेट करते हैं। एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर नगर आयुक्त को शुभकामनाएं और बधाइंयां मिलती रहीं। निगम की ओर से अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज, प्रकाश प्रभारी आस कुमार, महाप्रबंधक जल मुख्य अभियन्ता निर्माण एन के चौधरी, सम्पत्ति अधीक्षक पल्लवी सिंह तथा विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बधाई दी।



### भाजपा और कांग्रेस पार्षदों ने भी दी नगर आयुक्त को बधाई



करंट क्राइम। एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा पार्षदों और कांग्रेस पार्षदों ने भी बधाई दी। वार्ड 50 से कांग्रेस के पार्षद सुमनलता पाल, वार्ड 19 से दिवंगत पार्षद उर्मिला चौहान के प्रति और निगम के पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान, वार्ड संख्या-49 के पार्षद वीरेन्द्र त्यागी, वार्ड 9 से पार्षद शीतल देओल और वार्ड 21 से पार्षद नितिन ने नगर आयुक्त को बधाई दी।






### नगर आयुक्त ने कहा जन सहयोग से किया काम और जनप्रतिनिधियों का नेतृत्व भी रहा विशेष रूप से सराहनीय

करंट क्राइम। आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर आयुक्त के रूप में एक साल का कार्यकाल पूरा किया। उनके इस कार्यकाल को सफल बताते हुए निगम अधिकारियों और निगम पार्षदों ने उन्हें बधाई दी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि शहर के विकास को लेकर जनसहयोग के साथ काम किया। आगे भी शहर के विकास कार्यों में इसी प्रकार प्रयास जारी रहेंगे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि उनके इस कार्यकाल में जन प्रतिनिधियों का नेतृत्व भी विशेष रूप से सहयोगी रहा। नगर आयुक्त ने शहर में और अधिक योजनाओं को लाने के लिए भी आगामी प्लानिंग साझा की। जिसमें निगम को ई-आफिस बनाये जाने, स्पोर्टस कॉम्पलैक्स, अर्बन फ्लड मैनेजमेंट, सर्वे का कार्य व अनेकों ऐसी योजना जिनसे शहरवासियों को लाभ मिलेगा। इन योजनाओं से गाजियाबाद का विकास होगा। इस दौरान वहां मौजूद पार्षदों और निगम अधिकारियों द्वारा गाजियाबाद नगर निगम को हाईटेक बनाने के लिए मुख्य रूप से चर्चा की गई।

# भाजपा के ऐतिहासिक संख्या में बनने जा रहे हैं सदस्य : सांसद अतुल गर्ग

## सदस्यता के लिए टोल फ्री नंबर 8800002024 और बारकोड जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा का 2 से 25 सितंबर तक प्रथम चरण का सदस्यता अभियान चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार सुबह स्थानीय सांसद अतुल गर्ग ने जीटी रोड स्थित बिंदल शोरूम पर लोगों को सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर अतुल गर्ग ने कहा कि भाजपा ने सदस्यता के लिए टोल फ्री नंबर 8800002024 और बारकोड जारी कर दिया है। इस नंबर पर मिस कॉल करके कोई भी भाजपा का सदस्य बन सकता है। अतुल गर्ग ने बिंदल शोरूम के सभी सदस्यों को एक साथ नंबर डायल कर सदस्यता दिलाई। अतुल गर्ग ने सदस्यता दिलाते हुए बताया कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम सब दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में यहां सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। यदि हम पहले से ही सदस्य हैं तो भी हम सभी को पुनः साधारण सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण करनी है। कोई व्यक्ति सदस्यता लेना चाहता है और हमारे कार्यकर्ता से सम्पर्क न हो, तो भी वह घर बैठे अपने फोन से मिसकाल कर सदस्यता ग्रहण कर सकता है। भाजपा के कार्यकर्ता एवं नेता जगह-जगह पर कैम्प लगाकर सदस्यता दिलाने में सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व कवि राज कौशिक, आशुतोष बिंदल, राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, पार्षद नीरज गोयल, सीपी सिंह तालियान, तुषार बिंदल, अंकुर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




## झुग्गियों से चोरी हुई 13 माह की बच्ची को लेकर समाजवादी ऐलान

# तीन दिन में नहीं लगा सुराग तो आमरण अनशन पर बैठेंगे सपाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक झुग्गी में रहने वाले मजदूर की बेटी लापता हो गई। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर तो दर्ज कर ली लेकिन इस बच्ची का सुराग नहीं मिला है। इस मामले में झुग्गी में रहने वाले मजदूर के साथ अब समाजवादी नेता आ गये हैं। समाजवादियों ने ये ऐलान कर दिया है कि अगर गरीब मजदूर की बेटी का पता नहीं लगा तो फिर बच्ची के पिता को साथ लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर आमरण अनशन होगा।

गौरतलब है कि आरडीसी की झुग्गियों से 6 अगस्त को 13 महीने की बालिका चोरी हो गई थी। इस मामले में पहले भी सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा अधिकारियों से मिले थे तब अधिकारियों ने इस मामले में उन्हें आश्वासन दिया था कि जांच चल रही है। बुधवार को सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा के नेतृत्व में समाजवादियों ने एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में जीतू शर्मा ने ऐलान किया है कि झुग्गियों में रहने वाले सुभाष की 13 महीने की बच्ची चोरी हो गई और 6 अगस्त की रात में लापता हुई इस बच्ची का आज तक सुराग नहीं लगा है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। अगर तीन दिन में ये बच्ची नहीं मिली तो फिर समाजवादी कार्यकर्ता बच्ची के पिता को साथ लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर आमरण अनशन करेंगे। जीतू शर्मा ने कहा कि जो सरकार बेटियों की रक्षा की बात कर रही है वो सरकार एक झुग्गी में रहने वाले माता पिता को इंसाफ क्यों नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि क्या झुग्गी में रहने वालों का दर्द सरकार नहीं समझती है या अधिकारी इस मामले में लापरवाही बरत रहे हैं। समाजवादी पार्टी झुग्गियों में रहने वाले गरीब इंसान की लड़ाई लड़ेगी। ये लड़ाई उन गरीब मां बाप की है जिनकी 13 महीने की बच्ची को उठा ले गया। उन्होंने कहा हम खामोश नहीं बैठेंगे और गरीब परिवार के लिए संघर्ष करेंगे। समाजवादी कार्यकताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान युवजन सभा के प्रदेश सचिव शाकिर हुसैन मुस्ताद, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष अकरम सलमानी, जिला मीडिया प्रभारी सूरज भारद्वाज, जिला सचिव आरिफ सलमानी, सदेश शर्मा, गुड्डू यादव, जॉनी यादव, सचिन कुमार, राजेश शर्मा, सन्नी यादव, राकेश मौर्या, सुभाष कुमार आदि मौजूद रहे।



# प्रभारी मंत्री की पुलिस लाइन वाली समीक्षा बैठक में नजर नहीं आया कोई जनप्रतिनिधि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बुधवार को पिंक बूथ की स्थापना और उनके उद्घाटन का एक वर्ष पूरा हो गया है। पुलिस के अधिकारी इस एक साल को सफलतापूर्वक वाला श्रेय ले रहे हैं। तो वहीं पिंक बूथ की पुलिसिंग और अन्य व्यवस्थाओं में सुधार की बात कर रहे हैं जबकि इसके अलग एक तस्वीर और भी है। बीते लगभग एक वर्ष पहले जब गाजियाबाद के पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे जनरल वीके सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन में पिंक बूथ प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई थी, तो इसमें उत्तर प्रदेश सरकार के विधायक, सांसद और राज्यसभा सांसद भी मौजूद थे लेकिन बुधवार को पुलिस लाइन में प्रभारी मंत्री पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम और अपराध समीक्षा कार्यक्रम के दौरान कोई भी जनप्रतिनिधि मौजूद नहीं था। कहा जा रहा है कि साल बदलने के साथ ही हालात व हाल बदलें हैं। जो विधायक उस कार्यक्रम में थे बुधवार को वो दूर रहे। जो कार्यक्रम में ताली बजा रहे थे वो अब सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक शोर भी मचा रहे हैं। पिंक बूथ के दोनों खास प्राजेक्ट में नजर आने वाली महिला विधायक भी नजर नहीं आने की चर्चा सुनी गई है। अब लाइन वाले प्रोग्राम में शहर के तमाम जनप्रतिनिधि क्यों नहीं पहुंचे थे, इसकी वजह पुलिस के शीर्ष अधिकारी और जनप्रतिनिधि बता सकते हैं लेकिन शहर में इसको लेकर गुप्तगूं शुरू है।

## उद्घाटन पर थे सभी मौजूद, तो समीक्षा से क्यों रहे दूर







### क्या पुलिस से दूरी पर सामाजिक कार्यक्रम में दिखी मौजूदगी

करंट क्राइम : पुलिस लाइन में यह कार्यक्रम लगभग पौने एक बजे के आसपास शुरु हुआ। तो वहीं 2 बजे एक सामाजिक कार्यक्रम भी था। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री से लेकर विधायक, सांसद, पूर्व सांसद-केंद्रीय मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि नजर आए। अब यह इत्तेफाक था या इसके पीछे की वजह और कुछ थी, यह तो अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन पुलिस लाइन में प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम में कोई जनप्रतिनिधि का ना होना और पुलिस के अधिकारियों द्वारा शहर के किसी भी गणमान्य जनप्रतिनिधि को ना बुलाए जाने की भी चर्चा जोरों पर है।

# विजय मोहन के गम में डूब गया मानो पूरा शहर, सोचा ना था कभी इस गमगीन घड़ी में जुटेंगे सब यहां

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीवन में सुख और दुख एक प्रक्रिया है और इसी तरह जीवन और मरण भी एक हिस्सा है लेकिन ऐसा भी किस्सा नहीं होना चाहिए कि जिसके जिक्र से दर्द महसूस हो। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, पूर्व निगम पार्षद विजय मोहन पर काल का इतना बडा प्रहार होगा, ये किसी ने नहीं सोचा था। विजय मोहन के युवा पुत्र अर्पित मोहन का अचानक इस दुनिया से चले जाना सभी के ह्दय को झकझोर देता है। इकलौते पुत्र का वियोग उसका शोक और ये दुख हर कोई समझ सकता है।





बुधवार को जब तनुश्री फार्महाऊस में विजय मोहन के पुत्र अर्पित की शोक सभा आयोजित हुई तो मानों पूरा शहर ही विजय मोहन के गम में डूब गया। पूरा शहर अर्पित को श्रृद्धांजलि अर्पित करने पहुंचा। विजय मोहन जैसे मिलनसार शख्स ने कभी नहीं सोचा होगा कि गमगीन घड़ी में उनके यहां सब आयेंगे। लेकिन जिस तरह से समाज के सभी वर्गों के लिए, राजनीति के सभी दलों के लिए और समाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग पहुंचे उससे ये तो एहसास हो गया कि व्यक्ति की जीवन भर की कमाई ये रिश्ते होते हैं। ये कर्मों की व्यवहार की व्यक्तिगत कमाई होती है। ये वो कमाई है जो एक दिन में नहीं कमाई जाती। इसमें पूरा जीवन लगता है। पूरे शहर से भावनात्मक रूप से जुड़ना कोई मजाक नहीं है। विजय मोहन भाजपा की राजनीति का एक ऐसा चेहरा हैं जो साधन सम्पन्न होते हुए भी राजनीति में सरलता और सहजता का उदाहरण है।

बड़े दरबारों में जान पहचान, साधन सम्पन्न परिवार खानदान और उस पर ये सरलता ये सादगी की आप उन्हें कभी भी स्कूटी पर देख सकते हैं। वो शहर के बाजारों में मिलेंगे और एक सामान्य व्यक्ति की तरह सभी से बोलचाल है। विजय मोहन एक ऐसा व्यक्तित्व है जिनकी स्वीकार्यता सभी राजनीतिक दलों में है, सभी वर्गों में है। उनके युवा पुत्र की आकस्मिक मौत की खबर ने पूरे शहर को हिला दिया। पूरे शहर की सिम्पैथी उनके साथ है। इसका पता भी बुधवार को तब चला जब विजय मोहन के पुत्र अर्पित की शोक सभा में कोई वर्ग ऐसा बचा ही नहीं जो शोक व्यक्त करने ना पहुंचा हो। क्या पक्ष के नेता, क्या विपक्ष के नेता, क्या औद्योगिक जगत के लोगा, क्या समाज के लोग सब पहुंचे और लगभग ढाई घंटे तक तो श्रृद्धांजलि अर्पित करने वालों की लाईन लगी रही।

संगठन से जुड़े लोग पहुंचे, राष्ट्रीय पदाधिकारी और भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय संगठन महामंत्री प्रद्यूमन कुमार पहुंचे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, जिले के प्रभारी असीम अरूण पहुंचे। नामों का ये सिलसिला लंबा है और एक ऐसी फेहरिस्त जो सियासत के सितारे हैं लेकिन विजय मोहन के यहां वो शोक व्यक्त करने के लिए आये।

विजय मोहन का दुख बड़ा है और ये उनका व्यवहार है कि आज पूरा शहर उनके साथ उनके दुख में खड़ा है। इस दुख में सब शरीक हैं। देखने वालों ने भी कहा कि सोच भी नहीं सकते थे कि विजय मोहन जैसे व्यक्ति के यहां गम की इस घड़ी में आना होगा। विजय मोहन खुद अपने आप में ऐसा व्यक्तित्व है जो हमेशा सभी के सुख दुख में शामिल रहे है। वो सहज और सरल राजनीति का चेहरा है। सबसे बड़ी बात ये है कि वो राजनीति में सुचिता और सिद्धान्त के समर्थक हैं। ये विजय मोहन हैं जो अपने आप में भाजपा की राजनीति का एनसाईक्लोपीडिया हैं। ये विजय मोहन हैं जिन्होंने हमेशा भाजपा का झंडा उठाया है और जो सिन्द्धातों की राजनीति का चेहरा है। उनके दुख में पूरा शहर शरीक है, पूरी भाजपा शामिल है और एक तरह से भाजपा ही नहीं पूरे शहर की सियासत उनके दुख में उनके साथ है। इसे ही सम्बंधों की कमाई कहते है इसे ही व्यवहार कुशलता की पूंजी कहते हैं।

## संपादकीय

# अरिघाट भारत के लिए ब्रह्मास्त्र

परमाणु मिसाइलों से लैस दूसरी स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी अरिघाट के भारतीय नौसेना में पिछले हफ्ते शामिल हो जाने के बाद भारत को वह ब्रह्मास्त्र मिल गया है, जिसे शायद ही कभी चलाने की जरूरत पड़े। समुद्र की तलहटी में महीनों चुपचाप विचरण करने की क्षमता वाली परमाणु पनडुब्बी के रूप में इसकी मौजूदगी यह सुनिश्चित करेगी कि भारत पर कोई भी देश परमाणु हमला न कर पाए।
परमाणु पनडुब्बियों के विकास में मिली इस असाधारण कामयाबी से विश्व सामरिक जगत में भारत का दबदबा बढ़ेगा। आठ साल पहले 2016 में भारतीय नौसेना में परमाणु बिजली से चालित पहली पनडुब्बी क्षर अरिहंत को शामिल किया गया था। क्षर अरिघाट, अरिहंत से अधिक क्षमतावान है। इसमें साढ़े तीन हजार किलोमीटर तक मार करने वाली चार परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलें (ङ-4) लोड की जा सकती हैं।
युद्ध की स्थिति में यह पनडुब्बी दुश्मन के समुद्र तट के काफी करीब छुपकर बैठ सकती है और दुश्मन के अहम ठिकानों पर वार कर सकती है। ऐसा हमला करने का निर्देश अरिघाट के कमांडर को तब मिलेगा, जब भारत पर परमाणु हमला हुआ हो और भारतीय सेनाएं अपनी जमीन आधारित अग्नि बैलिस्टिक मिसाइल या फिर राफेल या सुखोई-30 विमानों से दुश्मन पर परमाणु बम गिराने की स्थिति में न हों।
परमाणु पनडुब्बी हासिल कर भारत ने परमाणु त्रिकोण यानी न्यूक्लियर ट्रायड की क्षमता को और मजबूत किया है। इसकी मौजूदगी मात्र से दुश्मन देश भारत पर परमाणु हमला तो क्या पूर्ण स्तर का पारंपरिक युद्ध छेड़ने से भी हिचकेंगे। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि परमाणु पनडुब्बियां अपनी ताकत की बदौलत शांति बनाए रखने के काम आएंगी।
भारत ने दुश्मन में खौफ पैदा करने के लिए वैसे तो अग्नि बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात की हैं और वायुसेना के लड़ाकू विमानों को भी परमाणु बम गिराने के लिए तैयार रखा है, लेकिन समुद्र आधारित परमाणु मिसाइलों की जरूरत इसलिए थी कि देश सेकंड स्ट्राइक यानी जवाबी हमला करने की स्थिति में हमेशा बना रहे। मई, 1998 में दूसरी बार परमाणु परीक्षण करने के बाद भारत ने दुनिया को आश्वस्त किया था कि वह किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया गया था कि यदि किसी ने उस पर परमाणु हमला किया तो वह दुश्मन पर महाविनाशकारी हमला करने को स्वतंत्र होगा।
अरिघाट हासिल करने के बाद भारत उन चुनिंदा देशों- अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन- के क्लब में शामिल हो गया है, जो परमाणु त्रिकोण की ताकत रखते हैं। शायद यह भी एक वजह है कि पूर्वी लद्दाख की सीमाओं पर 50 हजार से अधिक सैनिकों की पिछले चार वर्षों से तैनाती जारी रहने के बावजूद चीन के साथ खुला युद्ध शुरू नहीं हुआ है क्योंकि इसकी अंतिम परिणति परमाणु मिसाइलों के इस्तेमाल के रूप में हो सकती है। अमेरिका की करीब 70 और चीन की करीब एक दर्जन परमाणु पनडुब्बी क्षमता के मद्देनजर भारत ने भी परमाणु पनडुब्बियों के संचालन की न्यूनतम क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत भारतीय नौसेना को करीब छह महीने बाद तीसरी परमाणु पनडुब्बी अरिदमन मिलेगी। चौथी परमाणु पनडुब्बी का निर्माण भी चल रहा है। तुलनात्मक रूप में भारत का परमाणु पनडुब्बी बेड़ा काफी छोटा होगा, लेकिन दुश्मनों से निपटने के लिए फिलहाल इसे काफी माना जा रहा है।

# सिंगापुर की कैपिटालैंड भारत में 2028 तक 90,000 करोड़ रुपये का करेगी निवेश

**मुंबई।** ग्लोबल रियल एसेट मैनेजर कैपिटालैंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (सीएलआई) द्वारा बुधवार को कहा गया कि कंपनी भारत में फंड अंडर मैनेजमेंट (एफयूएम) 2028 तक बढ़ाकर 14.8 अरब सिंगापुर डॉलर (भारतीय रुपये में 90,280 करोड़) करेगी, जो कि फिलहाल 7.4 अरब सिंगापुर डॉलर है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो-दिवसीय यात्रा पर सिंगापुर गए हुए हैं। कंपनी की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि सीएलआई ग्लोबल का लक्ष्य 2028 तक 200 अरब सिंगापुर डॉलर का एमयूएम हासिल करना है। भारत में सिंगापुर के हाई कमिश्नर साइमन वोंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि सिंगापुर की कंपनियां भारत में निवेश को दोगुना



कर रही हैं। सीएलआई का भारत में प्रवेश 30 वर्ष पहले इंटरनेशनल टेक पार्क बेंगलुरु (आईटीपीबी) के साथ हुआ था। मौजूदा समय में कंपनी के पास देश में 14 बिजनेस और आईटी पार्क हैं, जो कि 23.5 मिलियन स्क्वायर फीट में फैले हुए हैं। यह बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, मुंबई और गुरुग्राम में हैं। इन पार्क में 2,50,000 लाख से ज्यादा पेशेवर काम करते हैं। सीएलआई के ग्रुप सीईओ ली.ची. कून ने कहा, भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है। जहां पिछले सात वर्षों में हमारा निवेश तीन गुना हुआ है। भारत की जीडीपी 2024 में 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है और अगले पांच वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। इस कारण से भारत में ग्लोबल कॉरपोरेशन और संस्थागत निवेशकों की ओर से अच्छी गुणवत्ता वाले रियल एस्टेट की मांग बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि हम भारत में लंबी अवधि के नजरिए से निवेश करते हैं। हम केवल संपत्तियों में ही निवेश नहीं करते हैं, बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी योगदान देते हैं। सीएलआई इंडिया के सीईओ संजीव दासगुप्ता ने कहा, हम अपनी ऑपरेशनल दक्षता का इस्तेमाल करके अपनी संपत्ति की वैल्यू बढ़ाएंगे। साथ ही अपने स्थापित लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म एसेंडास-फर्स्टस्पेस (एएफएस) के तहत लॉजिस्टिक प्लेटफॉर्म और सीएलआई की लॉजिंग शाखा, द एस्कॉट लिमिटेड के माध्यम से अपने लॉजिंग पोर्टफोलियो को बढ़ाएंगे।

# देश में बीते 3 वर्ष में पांच गुना हुई फिनटेक स्टार्टअप की संख्या

**नई दिल्ली।** भारत की फिनटेक इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है। मौजूदा समय में देश में 26 फिनटेक यूनिकॉर्न हैं। इनकी संयुक्त मार्केट वैल्यू 90 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। जेएम फाइनेंसियल की एक रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में भारत में फिनटेक स्टार्टअप की संख्या पांच गुना बढ़कर 10,200 (2024) हो गई है। वहीं, 2021 में यह आंकड़ा 2,100 था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एक डेकाकॉर्न फिनटेक (10 अरब डॉलर से अधिक की वैल्यूएशन) है। वहीं, 25 यूनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से लेकर 10 अरब डॉलर के बीच है। 37 मिनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन 100 मिलियन डॉलर से लेकर 1




अरब डॉलर है। 87 सूनीकॉर्न फिनटेक स्टार्टअप हैं, जिनकी वैल्यूएशन 60 मिलियन से लेकर 100 मिलियन डॉलर के बीच है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सभी फिनटेक कंपनियों की अनुमानित संयुक्त वैल्यू 125 अरब डॉलर के करीब है। वित्त वर्ष 23 में इन सभी कंपनियों की अनुमानित आय 20 अरब डॉलर के आसपास थी। यह देश में मौजूद सभी बैंक, फाइनेंसियल सर्विसेज इंश्योरेंस (बीएफएसआई) कंपनियों की कुल आय का 5 प्रतिशत था। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की फिनटेक इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फंडिंग पेमेंट और लैंडिंग कंपनियों को मिल रही है। फिनटेक इंडस्ट्री द्वारा जुटाई गई कुल फंडिंग का 85 प्रतिशत इन्हीं कंपनियों द्वारा जुटाया गया है। 2014 से 2023 के बीच भारतीय फिनटेक स्टार्टअप्स ने 1,486 डील में कुल 28 अरब डॉलर जुटाए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि देश में खपत बढ़ने, वित्तीय सेवाओं के लोगों तक पहुंचने और एआई के कारण 2030 तक फिनटेक यूनिकॉर्न की संख्या 150 तक और इनकी आय 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

# कमजोर वैश्विक संकेतों से बड़ी गिरावट के साथ खुला भारतीय शेयर बाजार



**मुंबई।** कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। बाजार में चौतरफा गिरावट का ट्रेंड दे रहा है। सुबह 9:24 पर सेंसेक्स 527 अंक या 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,028 और निफ्टी 163 अंक या 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,113 पर था। बाजार का रुझान नकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 852 शेयर हरे निशान में और 1295 शेयर लाल निशान में हैं। सेंसेक्स में एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा टॉप गेनर्स हैं। विप्रो, जेएसडब्ल्यू, इन्फोसिस, एलएंडटी, टाटा स्टील, एसबीआई, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, एमएंडएम और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स हैं। गिरावट का सबसे ज्यादा असर आईटी, ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स पर देखा जा रहा है। मीडिया इंडेक्स में ही हरे निशान में कारोबार हो रहा है। एशियाई के करीब सभी बाजारों में लाल निशान में कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और सोल में गिरावट है। केवल जकार्ता के बाजार ही हरे निशान में है। अमेरिका के बाजार मंगलवार को लाल निशान में बंद हुए थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि सितंबर का महीना आमतौर पर ग्लोबल बाजारों के लिए कमजोर रहता है। कल अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग के आंकड़े कमजोर आने के कारण बड़ी गिरावट हुई, जिसका असर भारत के साथ वैश्विक बाजारों पर देखा जा रहा है। भारत में फिलहाल बुल मार्केट चल रहा है। ऐसे में हर गिरावट पर खरीदारी सही रणनीति रहेगी। चॉइस ब्रोकिंग के मुताबिक, गैप डाउन ओपनिंग के निफ्टी के लिए 25,050, 25,000 और फिर 24,950 एक अहम सपोर्ट लेवल होने वाला है। 25,300, 25,350 और 25,400 एक अहम रुकावट का स्तर है।

# समाज और देश के निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान

प्रस्तुति करंट क्राइम
**डॉ मंजु सैनी**
गाजियाबाद



**मैं सभी शिक्षकों को नमन करती हूं जो एक अबोध को एक संकल्पित मनुष्य बनाते हैं..**

एक शिक्षक की दी हुई शिक्षा से ही बच्चे आगे चलकर देश के कर्णधार बनते हैं। ऐसे ही एक शिक्षक थे भारत के पूर्व राष्ट्रपति और दार्शनिक तथा शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जिनके सम्मान में उनके जन्मदिवस यानी पांच सितंबर को देश में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉ. राधाकृष्णन महान शिक्षाविद् थे। उनका कहना था कि शिक्षा का मतलब सिर्फ जानकारी देना ही नहीं है। जानकारी और तकनीकी गुर का अपना महत्व है लेकिन बौद्धिक झुकाव और लोकतांत्रिक भावना का भी महत्व है क्योंकि इन भावनाओं के साथ छात्र उत्तरदायी नागरिक बनते हैं। डॉ.राधाकृष्णन मानते थे कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा, तब तक शिक्षा को मिशन का रूप नहीं मिल पाएगा।

मिले न गुरु का अगर सहारा,
मिटे नहीं मन का अंधियारा।।

आज 5 सितंबर हैं और मैं बात करने जा रही हूँ अध्यापक दिवस पर। शिक्षक समाज में उच्च आदर्श स्थापित करने वाला व्यक्तित्व होता है। किसी भी देश या समाज के निर्माण में शिक्षा की अहम् भूमिका होती है। कहा जाए तो शिक्षक ही समाज का आईना होता है। सच में देखा जाए तो शिक्षक ही सही मायनों में मार्गदर्शक होता हैं जो सही राह पर चलने को पल पल प्रेरित करता है। हमारे देश व धर्म में तो शिक्षक के लिए कहा गया है कि 'आचार्य देवो भव:' यानी कि शिक्षक या आचार्य ईश्वर के समान होता है। यह दर्जा एक शिक्षक को उसके द्वारा समाज में दिए गए योगदानों के बदले स्वरूप दिया जाता है। गुरु से उच्च दर्जा किसी का नही होता यही हमारी संस्कृति रही हैं। गुरु हमेशा से ही पूज्यनीय रहा है। कोई उसे 'गुरु' कहता है, कोई 'शिक्षक' कहता है, कोई 'आचार्य' कहता है, तो कोई 'अध्यापक' या 'टीचर' कहता है। ये सभी शब्द एक ऐसे व्यक्ति को चित्रित करते हैं, जो सभी को ज्ञान देता है, सिखाता है और जिसका योगदान किसी भी देश या राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करना है। सही मायनों में कहा जाए तो एक शिक्षक ही अपने विद्यार्थी का जीवन गढ़ता है और शिक्षक ही समाज की आधारशिला है। एक शिक्षक अपने जीवन के अंत तक मार्गदर्शक की भूमिका अदा करता है और समाज को राह दिखाता रहता है, तभी शिक्षक को समाज में उच्च दर्जा दिया जाता है। माता-पिता बच्चे को जन्म देते हैं। उनका स्थान कोई नहीं ले सकता, उनका कर्ज हम किसी भी रूप में नहीं उतार सकते, लेकिन एक शिक्षक ही है जिसे हमारी भारतीय संस्कृति में माता-पिता के बराबर दर्जा दिया जाता है, क्योंकि शिक्षक ही हमें समाज में रहने योग्य बनाता है इसलिए ही शिक्षक को 'समाज का शिल्पकार' कहा जाता है। गुरु या शिक्षक का संबंध केवल विद्यार्थी को शिक्षा देने से ही नहीं होता बल्कि वह अपने विद्यार्थी को हर मोड़ पर राह दिखाता है और उसका हाथ थामने के लिए हमेशा तैयार रहता है। विद्यार्थी के मन में उमड़े हर सवाल का जवाब देता है और विद्यार्थी को सही सुझाव देता है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए सदा प्रेरित करता है।

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।
**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।
**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।
**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।
**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।
**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।
**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।
**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।
**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।
**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।
**कुंभ:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।
**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

टीचर- इतने दिनों से कहां थे?
पप्पू- सर बर्ड फ्लू हो गया था
टीचर- लेकिन यह तो बर्ड्स को होता है, तुम्हें कैसे हुआ?
पप्पू (गुस्से में)- आपने इंसान समझा ही कब है?
रोज तो मुर्गा बनाते हो

---

सावधान- फेसबुक और व्हाट्सएप' का
साइड इफेक्ट सामने आ रहे हैं...
कल एक आदमी
अखबार में छपे फोटो को भी
ऊंगलियो से जूम कर रहा था...

---

लड़का- तुम लड़किया लव मैरिज क्यों करती हो..?
लड़की- अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना मिल जाये..!
लड़की- तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते हो..?
लड़का- एनाकोंडा मिलने से अच्छा है की पहले से पाली हुई नागिन मिले..!

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# प्रभारी मंत्री ने कहा महिला अपराध रोकथाम के लिए करना है अभी बहुत काम

## दुष्कर्म की घटनाओं पर पुलिस को इन्वेस्टिगेशन और मजबूत पैरवी से देना होगा जवाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन के परमजीत हाल में पिंक बूथ के उद्घाटन और स्थापना का एक साल पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग व प्रभारी असीम अरुण पहुंचे। उन्होंने जहां बेहतर काम करने वाली पांच पिंक बूथ महिला प्रभारियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देने का काम किया। तो वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अभी महिला अपराध के मामलों में पुलिस की गिरफ्तारी की जानकारियां मिली हैं। पुलिस को अपनी इन्वेस्टिगेशन मजबूत करनी होगी, साथ ही पुलिस की असली लड़ाई कोर्ट में पैरवी के दौरान होती है। राज्यमंत्री यूपी सरकार ने कहा है कि आजकल साइबर क्राइम बढ़ गया है। तो वहीं सोशल मीडिया पर भी महिलाओं के साथ छींटाकशी की घटनाएं होती हैं, उसपर भी अंकुश लगाने और पुलिस की प्रभावी कार्रवाई आवश्यक होने की बात की है। इस दौरान मंत्री असीम अरुण ने कहा है कि प्रभावी गश्त व्यवस्था और पिंक बूथ में ही परिवार परामर्श केंद्र की शुरूआत करके महिलाओं को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है और प्रक्रिया शुरू की गई है, इसका लाभ आने वाले दिनों में महिला अपराध के मामले में और मिलना चाहिए।

### पिंक बूथ से सुनवाई हुई सरल और परिणाम आए बेहतर

करंट क्राइम : बुधवार को पुलिस लाइन में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों द्वारा प्रभारी मंत्री को समीक्षा बैठक के दौरान बताया गया है कि स्कूल-कॉलेजों के आसपास पिंक बूथ की स्थापना के साथ सेफ सिटी के तहत मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहे हैं। तो वहीं पिंक बूथ के द्वारा अब तक 5500 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम किए गए हैं। जिसमें एक लाख से अधिक लोग भाग ले चुके हैं। वहीं शहर से लेकर देहात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिला संबंधी अपराध जागरूकता लाई जा रही है। वही पिंक बूथ के जरिए महिलाओं की गुमशुदगी, दहेज हत्या, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पारिवारिक झगड़े सहित अन्य मामलों में भी कमी लाने का प्रयास किया गया है। साथ ही पारिवारिक विवाद के 1296 मामलों में 576 में पारिवारिक समझौते भी कराए गए हैं।

### बेस्ट वर्किंग के लिए पांच महिला पिंक बूथ प्रभारी की गईं सम्मानित




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्स्टम गाजियाबाद में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री असीम ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बेहतर वर्किंग के लिए पिंक बूथ प्रभारी लोनी तिराहा थाना लोनी रश्मि कुंतल ,पिंक बूथ प्रभारी शिप्रा मॉल थाना इंदिरापुरम संदीपा मलिक, पिंक बूथ प्रभारी संगम विहार थाना लोनी बॉर्डर सरिता मौर्य, पिंक बूथ प्रभारी वैशाली थाना कौशांबी दुष्यंत निम के साथ ही थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पिंक बूथ प्रभारी बाईपास राखी शर्मा को पुरस्कार देकर बधाई और बेहतर कार्य करने के लिए भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, कल्पना सक्सेना, एडीसीपी यातायात पीयूष सिंह, एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ,एसीपी लाइन एवं कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव के साथ ही पुलिस के कई अधिकारी उपस्थित रहे।




### असीम अरुण ने कहा सोशल मीडिया पर भी महिलाओं को मिले सुरक्षा का भाव

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री असीम अरुण बुधवार को पुलिस लाइन में पिंक बूथ के एक वर्ष पूरे होने पर अपराध की समीक्षा कर रहे थे। तो इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कहा है कि सोशल मीडिया पर भी महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी और उनके खिलाफ टिप्पणी के मामले में साइबर पुलिस की मदद लेकर उनको शिकार होने से बचाया जाए। आरोपियों पर सख्त एक्शन हो। उन्होंने कहा महिला सोशल मीडिया से लेकर सड़क और घर तक सुरक्षित रहें, यह सब का प्रयास होना चाहिए।

### कन्नौज में जल्द लगेगी चार्जशीट : असीम अरुण



करंट क्राइम : राज्मंत्री व गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने का है कि भारतीय न्याय संहिता में कई अच्छे बदलाव हुए हैं। सबसे महत्वपूर्ण है वीडियो और वैज्ञानिक साक्ष्य, इसी के तहत कन्नौज के सपा नेता नवाब सिंह केस में जो एसआईटी जांच में रेप की पुष्टि हो चुकी है। आरोपी को रात में एक बजे पकड़ने के वीडियो प्रूफ मौजूद हैं। मैंने पुलिस को निर्देश दिया है कि इस केस में जल्द चार्जशीट लगाएं, ताकि कोर्ट में केस जल्द से जल्द ट्रायल पर आ सके। ये केवल नवाब सिंह केस में नहीं, बल्कि सभी मामलों में लागू होता है। वैज्ञानिक साक्ष्य की वजह से अपराधी बच नहीं पाएंगे।

# सदर तहसील में चल रही थी मजिस्ट्रेट लिखी वायरल बोलेरो

## स्टंटबाजी करने वाले दो युवक हिरासत में

### ड्राइवर का बेटा दोस्त संग दौड़ा रहा था हाईवे पर सरकारी गाड़ी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर मजिस्ट्रेट लिखी बोलेरो गाड़ी में स्टंटबाजी करने के मामले में आखिरकार यातायात पुलिस ने गाड़ी का चालान कर दिया है।

बताया जा रहा है कि गाड़ी डीजल है और 10 साल पुरानी है, इसलिए इस गाड़ी को दिल्ली-एनसीआर में चलने की अवधि खत्म हो चुकी थी। वर्तमान में यह गाड़ी जीडीए द्वारा तहसील सदर ड्यूटी पर लगी हुई थी। इस गाड़ी का चालक संजय बताया जा रहा है।

पुलिस के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि रात के वक्त संजय का बेटा आशु अपने दोस्त प्रियांशु के साथ इस गाड़ी को हाईवे पर ले गया था और दोनों ने स्टंटबाजी की थी। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने दोनों लोगों को हिरासत में ले लिया है। साथ ही इस पूरे मामले की आधिकारिक जांच भी की जा रही है।

#### गाड़ी पर लिखा था मजिस्ट्रेट और लगी थी फ्लैशलाइट

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि इस गाड़ी का वीडियो वायरल हुआ था। जो विजयनगर थानाक्षेत्र का बताया गया है। गाड़ी वर्तमान में तहसील सदर गाजियाबाद में इस्तेमाल हो रही थी।

इस मामले में ड्राइवर के बेटे और उसके साथी को हिरासत में लिया गया है। दोनों रात को घर से गाड़ी लेकर हाइवे पर आ गए थे और फ्लैशलाइट लगी हुई गाड़ी को हाईवे पर दौड़ा रहे थे। साथ ही स्टंटबाजी करने का वीडियो भी वायरल हुआ था। इस पूरे प्रकरण में ट्रैफिक पुलिस की ओर से अभी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। उधर पुलिस 25 हजार रुपये का चालान होने की बात कर रही है।

# उपराज्यपाल की रिश्तेदार के फ्लैट में चोरी, 3 गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुलमोहर ग्रीन्स सोसाइटी के बंद फ्लैट से चोरी करने वाले तीन आरोपी पकड़े गए। इसमें एक कबाड़ी भी शामिल है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की समधन के गाजियाबाद स्थित फ्लैट से चोरी करने वाले तीन बदमाश पकड़े गए। इसमें दो चोर और एक कबाड़ी है। पुलिस ने इनके कब्जे से घर का सामान बरामद किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की समधन दीपाली नैय्यर का गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित गुलमोहर ग्रीन्स सोसाइटी में फ्लैट है। ये काफी समय से बंद पड़ा हुआ था। इस फ्लैट की देखरेख मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव और पुत्रवधु दीपाली करते हैं, जो दिल्ली में रहते हैं।



एक सितंबर को दीपाली ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ चोर खिड़की का शीशा तोड़कर काफी सामान चुराकर ले गए हैं। पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की। मैनुअल और इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस इकट्ठा किए।

### एक कबाड़ी भी पकड़ा गया

इस मामले में साहिबाबाद थाना पुलिस ने मंगलवार देर शाम तीन आरोपी पकड़ लिए। इनकी पहचान वीरेंद्र गिरि निवासी भोपुरा, दीपक सिंह निवासी शालीमार गार्डन और दानिश निवासी राजीव कॉलोनी साहिबाबाद, गाजियाबाद के रूप में हुई। आरोपियों से चांदी के 17 सिक्के, पीली धातु की गणेश जी की मूर्ति, गणेशजी का मुखौटा, एक घंटा, नल की 7 टोंटियां व 6 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। दानिश कबाड़ी है, जिसने ये सामान खरीदा था।

# नगर आयुक्त के सफल कार्यकाल की बधाई में नहीं दिखा प्रथम नागरिक का नाम



### पार्षदों के चेहरे बता रहे थे अभी निगम में नहीं हुआ है युद्ध विराम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में सदन की बात करें तो यहां भाजपा काबिज है। यहां उसका दावा है कि 100 में से 75पार्षद उसके है। लेकिन बहुमत के बाद भी यहां सबकुछ शांत नहीं है। सरकार भाजपा की, निजाम भाजपा का और उसके बाद भी यहां ट्यूनिंग ऐरर है। भाजपा की मेयर ने लैटर लिखा और लैटर के जवाब में लैटर आया। वित्त आयोग की बैठक में भी ऐसा ही संयोग दिखा। जब हिंदुत्व वाली रैली निकली तो यहां भी पार्षद एकता बिखर गई और जब नगर आयुक्त के कार्यकाल की बधाई का सीन आया तो फिर से ये संदेश गया कि नगर निगम में अभी युद्ध विराम नहीं हुआ है। यहां जो पार्षद नगर आयुक्त को बधाई देने पहुंचे उनमें वो चेहरे दिखाई दिये जिनकी इन दिनों मेयर से ट्यूनिंग ऐरर बताई जाती है। दो पार्षद विधायक कोटे से थे तो एक पार्षद एंग्री मूड में है और एक पार्षद कांग्रेस से पहुंची। इस सीन में वार्ड 9 की पाषर्द शीतल देओल नगर आयुक्त को बधाई देने पहुंची। शीतल देओल कुछ दिनों पहले तक मेयर के करीबी पार्षदों में थी और निगम कार्यकारिणी चुनाव के बाद से दूरियां बढ़ गईं।

खुलकर कोई पक्ष नहीं बोल रहा है लेकिन लहजे बता रहे हैं कि अब नाराजगी है और जो चेहरे मेयर के साथ पूरी तरह कदमताल कर रहे थे उन्होंने अब नगर आयुक्त को बधाई दी। यहां पर वार्ड 49 के पार्षद वीरेन्द्र त्यागी पहुंचे। वीरेन्द्र त्यागी को कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा का करीबी माना जाता है। बीते दिनों उनका विवाद चीफ इंजीनियर से हो गया था। बताते हैं कि इस विवाद को सुलझाने में उनकी बिरादरी के एक पार्षद की भूमिका रही और ये पार्षद भी मेयर खेमे से एक दूरी बनाकर चलते हैं। वार्ड संख्या 9 की पार्षद उर्मिला चौहान का निधन हो चुका है। उनके निधन के बाद से ये सीट रिक्त चल रही है और यहां उनकी अनुपस्थिति में वार्ड की जनता की सेवा का काम उनके पति औरपूर्व पार्षद तथा भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान देख रहे हैं। प्रदीप चौहान और मेयर के बीच की दूरिया तल्खियां किसी से छुपी नहीं है। सबसे बडी बात ये रही कि जो प्रेस नोट आया जिसमें नगर आयुक्त को बधाई दी और नगर आयुक्त ने भी सबका आभार व्यक्त किया। उस एक साल के कार्यकाल में प्रथम नागरिक का कोई जिक्र नहीं हुआ। नगर आयुक्त ने जन सहयोग की बात कही और यहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व शब्द का इस्तेमाल किया यानी किसी एक जनप्रतिनिधि का वो आभार व्यक्त नहीं कर रहे और यही से समझने वाले समझ रहे हैं कि नगर निगम में युद्ध विराम नहीं हुआ है। वही सूत्र बताते हैं कि मेयर खेमे के पार्षद नगर आयुक्त की बधाई से दूर रहे हैं इनमें वो पार्षद भी शामिल हैं जो विपक्ष दल के है लेकिन वो मेयर के करीबी बताये जाते है। इनमें कांग्रेस के पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम, निर्दलीय पार्षद धीरेन्द्र बिल्लु भी बधाई वाले सीन से दूर रहे। फिलहाल चुने हुए पार्षदों की बधाई और बाकी पार्षदों की दूरी चर्चा का विषय रही।

# बीयर और शराब के कॉकटेल से बिगड़ी थी हेड कांस्टेबल की हालत

## वायरल वीडियो के बाद किया गया सस्पेंड, महिला के साथ लंबे समय से थी हेड कांस्टेबल की दोस्ती



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले विजयनगर थानाक्षेत्र में एक कार में सार्वजनिक स्थान पर वर्दीधारी पुलिसकर्मी महिला के साथ आपत्तिजनक हालत और शराब के नशे में कार में मिला था। इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने आरोपी हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही इस पूरे मामले की पुलिस भीतर खाने जांच कर रही है। पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि आरोपी हेड कांस्टेबल पंकज गौड़ और महिला ने पहले शहर के एक मॉल के निकट से बीयर और शराब खरीदी थी। इसके बाद दोनों ने गाड़ी के अंदर विजयनगर थानाक्षेत्र में घूमते-घूमते पहले बीयर और शराब का सेवन किया। इस दौरान दोनों को नशे का कॉकटेल हो गया और दोनों की हालत पस्त हो गई थी। बताया जा रहा है कि महिला वॉशरूम करने के लिए कार से नीचे उतरी और अधिक नशे होने की वजह से वह गिर गई थी। जिसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी और उसकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी गई थी।

### पुलिस कर्मी और महिला का वीडियो हुआ था वायरल

**करंट क्राइम :** मंगलवार को महिला और पुलिसकर्मी हेड कांस्टेबल का वीडियो वायरल हुआ था। दोनों कार में आपत्तिजनक स्थिति मिले थे। दोनों ने शराब पी हुई थी, हालांकि पुलिस ने अभी दोनों को गिरफ्तार नहीं किया है लेकिन हेड कांस्टेबल को डीसीपी सिटी राजेश कुमार के निर्देश पर सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि महिला और हेड कांस्टेबल की लंबे समय से दोस्ती है। दोनों समय-समय पर मिलते-जुलते रहते थे लेकिन मंगलवार को दोनों ने पहले बीयर पी और फिर शराब की अधिक डोज होने की वजह से यह कॉकटेल का शिकार हो गए थे। पुलिस के अधिकारियों ने वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की है।

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय अर्पित मोहन को श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन के युवा पुत्र अर्पित मोहन का 25 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया था। बुधवार को दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस शोकसभा में समाज के गणमान्य लोगों ने नम आंखों से स्वर्गीय अर्पित मोहन को श्रद्धांजलि दी।

### गाड़ी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# पुलिस ने 8 बदमाशों को किया गिरफ्तार, 6 बाइक-स्कूटी और 6 मोबाइल बरामद




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन के थाना टीला मोड़ पुलिस ने एक ऐसे गैंग को गिरफ्तार किया है, जो अपने नशे की लत और मुकदमों की पैरवी के लिए वाहन चोरी करता है और मोबाइल लूटता है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के 6 वाहन और छह मोबाइल बरामद किए हैं। हैरानी की बात यह है की इस गिरोह का सदस्य एक 19 साल का लड़का भी है। जिसने नाबालिग रहते हुए दिल्ली में कत्ल किया था। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि थाना टीला मोड़ क्षेत्र से एक गैंग के आठ बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें दिल्ली निवासी नवीन उर्फ तोतली गैंग का लीडर है। बाकी पकड़े गए बदमाश गाजियाबाद के रहने वाले हैं। जिनका नाम लकी, सूरज, राजन जोशी, रवि, राहुल, लुकमान और अमन है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह लोग अपने नशे की लत के साथ-साथ मौज मस्ती और अपने ऊपर चल रहे मुकदमों की पैरवी के लिए दिल्ली और गाजियाबाद में लूट और चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन मोटरसाइकिल तीन स्कूटी और 6 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

इस गैंग के एक सदस्य जिसका नाम लकी है। उसकी उम्र में महज 19 साल है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि जब यह नाबालिक था। तब उसने दिल्ली के थाना हर्ष विहार क्षेत्र में एक हत्या को भी अंजाम दिया था।

### बाइक सवार एक युवक की मौत और दोस्त घायल

**हापुड़।** थाना सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव बक्सर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई, जबकि मृतक का दोस्त हादसे में घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि शहाजहांपुर के रहने वाले रजनीश अपने दोस्त जिला पीलीभीत के रामवीर के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से दिल्ली जा रहे थे। जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बक्सर के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दोनों घायल हो गए। हादसे में रजनीश सड़क के नीचे एक गड्ढे में गिर गया जबकि रामवीर सड़क पर गिरा। दोनों ने एक दूसरे को तलाशा तो कुछ पता नहीं चल सका, पुलिस ने बताया कि घायल रामवीर मौके से किसी तरह वहां से चला गया और रजनीश के परिजन को बताया कि हादसे में वह घायल हो गया और रजनीश का उसे पता नहीं चला।

# पुलिस ने बदमाश को मारी गोली, मीडियाकर्मी से की थी लूटपाट

**नोएडा।** नोएडा में थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि इस दौरान बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि पकड़ा गए बदमाश बीती 1 सितंबर को एक मीडियाकर्मी से मोबाइल लूटा था। आरोपी पर दिल्ली में 20 और नोएडा में 10 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।



**बहलोलपुर अंडरपास के पास हुई मुठभेड़**

एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया- 1 सितंबर को एक चैनल के पत्रकार का मोबाइल लूटा गया था। सेक्टर-63 थाना पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की पहचान की गई। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि बदमाश बहलोलपुर अंडरपास के पास आने वाला है। पुलिस ने वहां चेकिंग शुरू कर दी। बदमाश को चेकिंग के लिए रोका गया। लेकिन वह सर्विस रोड की तरफ भागने लगा। करीब 500 मीटर तक पीछा करने के बाद उसे चेतावनी दी गई। अपराधी ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की और अपराधी के पैर में गोली लग गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

**चोरी की बाइक से कर रहा था लूट**

पकड़े गए बदमाश की पहचान छिजारसी निवासी दीपक राय पुत्र सोम प्रकाश राय के रूप में हुई है। आरोपी के पास से छह मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। ये फोन उसने हाल ही में राहगीरों से छीने थे। इसके अलावा दिल्ली और नोएडा में कई मामलों की जानकारी मिली है। जिसके लिए पूछताछ की जा रही है। उसके पास से एक पिस्टल भी बरामद हुई है। चोरी की एक बाइक भी बरामद हुई है। इसी से वह स्नैचिंग

### हापुड़ में युवती हुई लापता

# युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, पिता को मिली जान से मारने की धमकी

**हापुड़, करंट क्राइम।** थाना बाबूगढ़ इलाके में एक युवती का बाइक सवार युवक ने अपहरण कर लिया। आरोपी युवक ने युवती के पिता को जानसे मारने की धमकी भी दी है। अनहोनी की आशंका पर पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।




पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया एक सितंबर को उसकी 19 वर्षीय बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से अचानक लापता हो गई थी। बेटी की खोजबीन के दौरान जानकारी हासिल हुई कि गांव मुबारीकपुर सलामतपुर का अर्पित उनकी बेटी को जबरन डरा धमका कर बाईक पर बैठाकर अपहरण करके ले गया है। मामले की जानकारी पर पीड़ित पिता आरोपी युवक के घर पहुंचा और उसके परिजनों से शिकायत की। इससे गुस्साए आरोपी ने पीड़ित पिता के साथ गाली-गलौच कर अभद्रता शुरू कर दी। वही बेटी के बारे में पूछने पर मौत के घाट उतराने की धमकी दे डाली। जिसके कारण पीड़िता के परिजनो में भयभीत है। जिसके बाद उन्होंने थाने में पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया है।

**क्या बोले अधिकारी?**

थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय गुप्ता का कहना है कि मामला संज्ञान में है। युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसकी जल्द बरामद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवती की खोजबीन के लिए पुलिस टीम गठित कर रवाना कर दी गई है।

# रोड क्रॉस कर रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत, दो की हालत नाजुक

**हपुड़, करंट क्राइम।** थाना सिम्भावली क्षेत्र के नए बाईपास के पास हरोड़ा मोड पर देर रात दो युवकों की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है।



पुलिस ने बताया देर रात सिम्भावली थाना क्षेत्र के नए बाईपास के पास हरोड़ा मोड पर रोड क्रॉस करने के दौरान एक बाइक से दो युवक टकरा गए, इसी दौरान वहां से गुजर रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने रेलवे रोड के सुंदर और सुभाष विहार के संजय को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाइक सवार सेक्टर-62 के घायल अमित को गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरो ने ऋषिकेश अक्क्टर में भर्ती कराया है। वहीं उसकी पत्नी के भी हल्की चोट आई है। बाइक सवार युवक अपनी पत्नी के साथ गढ़मुक्तेश्वर की ओर से नोएडा जा रहा था।

**पुलिस का बयान**

थाना प्रभारी विनोद पांडये ने बताया कि घटना के बारे में पता चलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। हादसे में मृत दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उनके परिवार को इस घटना की सूचना दे दी गई है।

# आइडियाज इन एक्शन में छाये देवांश शर्मा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में आयोजित आइडियाज इन एक्शन 1.0 में स्कूल के छात्रों ने इंटरनेशनल मुद्दों से लेकर राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार रखे। मॉडल यूएनओ और यूथ पार्लियामेंट के माध्यम से ग्लोबल और नेशनल मुद्दो पर चर्चा हुई। इस आयोजन में देवांश शर्मा ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की भूमिका निभाई। उनकी भूमिका की सभी ने सराहना की। गौरतलब है कि नेहरू वर्ल्ड स्कूल के छात्र देवांश शर्मा व्यापारी नेता तरुण शर्मा के सुपुत्र है।



### कार की डिक्की में बेखौफ कर रहे थे शूटिंग, ट्रैफिक पुलिस ने बना दी 'फिल्म'

**नोएडा।** नोएडा में स्टंट करते करने के वीडियो लगातार वायरल होते रहते है। नोएडा एक्सप्रेस वे पर स्टंट करते हुए ऐसा ही एक वीडियो बनाना युवकों को भारी पड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कार का 27 हजार 500 रुपये का चालान काट दिया। कार के बैक साइड पर नंबर प्लेट तक नहीं थी। फिलहाल गाड़ी और चालक दोनों की तलाश की जा रही है। यह वीडियो नोएडा से ग्रेटर नोएडा की ओर जाते समय बनाया गया। वीडियो 19 सेकंड का है। इसमें दिख रहा है कि एक युवक कार की डिक्की में बैठकर पीछे आ रही बाइक का वीडियो बना रहे है। पहली नजर में लगा कि किसी फिल्म या प्रमोशनल शूटिंग का लगता है। लेकिन ऐसी कोई अनुमति नहीं ली गई है।




## है चर्चा सिटी जोन को क्यों नहीं मिला इनाम

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बुधवार का दिन बेहद खास रहा। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पिंक बूथ व्यवस्था शुरू हुए एक साल का समय पूरा हो गया है। इसी के उपलक्ष में बुधवार को पुलिस लाइन में एक फाइन वाला कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें सरकार के प्रभारी मंत्री से लेकर कमिश्नरेट के अधिकारी नजर आए। तो वहीं पिंक बूथ की भी चर्चा और तारीफ होने की सूचना आई हैं। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले ट्रांस हिंडन और देहात जोन के पिंक बूथों पर तैनात पुलिसकर्मियों व महिला प्रभारियों को पुरस्कार, पत्र और सम्मान दिया गया है। जब इनको लाइन में सम्मान दिया गया तो महिला अधिकारियों के बीच चर्चा रही की आखिर सिटी वाले कहां कमजोर रह गए। उधर सिटी जोन के अंतर्गत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कुल छह पिंक बूथ आते हैं। सिटी जोन में छह थाने हैं और 6 थानों में प्रत्येक थाने के अंतर्गत एक चौकी पिंक बूथ है। उधर सिटी के किसी भी चौकी प्रभारी का पिंक बूथ पुरस्कार के लिए नाम शामिल नहीं होना सवाल उठाने वाला है जबकि देहात के नाम तीन पुरस्कार और नदियापार वाले ट्रांस हिंडन जोन के नाम दो पुरस्कार आए हैं। सिटी जोन की छह पिंक बूथ की सबसे ज्यादा मॉनिटरिंग होती है। इसी जोन से पिंक बूथ की एक प्रभारी को महिला थाने का प्रभार दिया गया था, इसके बावजूद सिटी की किसी भी चौकी को पुरस्कार ना मिलना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। वैसे अधिकारियों ने किस प्रकार से समीक्षा की, क्या पुरस्कार देने के पैमाने थे, यह तो वह बता सकते हैं लेकिन पुलिस महकमें सिटी जोन बेहद महत्वपूर्ण और खास माना जाता है लेकिन पिंक बूथ पुरस्कार वाली लिस्ट में किसी भी सिटी वाली पिंक बूथ प्रभारी का नाम ना होना, पुलिस के बीच चर्चा का विषय है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बुधवार को हुए कार्यक्रम में बेहद खास खास अधिकारी नजर आए। साथ ही सभी महिला अधिकारी भी इस बार इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई लेकिन जब इसका शुभारंभ वाला कार्यक्रम हुआ था तो कमिश्नरेट की सभी महिला अधिकारियों को इसमें स्थान और मौका दिया गया था। देखना होगा कि सिटी वालों की कहां कमी रही और कहां काम कमजोर था, जिसे भविष्य में इन्हें सुधारना होगा।




# अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु जोन-6 का किया गया निरीक्षण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार उ. प्र. नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु जोन-6 के प्रभारी द्वारा बुधवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इन्दिरापुरम के न्यायखण्ड-1, 2, 3, व अभयखण्ड में अनाधिकृत रूप से बनी हुई 300 दुकानों द्वारा किये गये अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान जनता द्वारा विरोध किया गया परंतु अधिकारियों की सूझबूझ से स्थानीय एवं प्राधिकरण के पुलिस बल द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से करायी गई। जोन से संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा सुपरवाइजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अतिक्रमण पुनः न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अतिक्रमण के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाइयां जारी रहेंगी। उक्त कार्रवाई के बाद पुलिस को पुनः अतिक्रमण न होने पाये के लिए पत्र प्रेषित किया गया है।

# एटीएस ने यमुना प्राधिकरण को दिए 130 करोड़ रुपये बकाया धनराशि के 25 प्रतिशत का किया भुगतान, 100 एकड़ के प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार

**नोएडा।** रियल्टी फर्म एटीएस इंफ्रास्ट्रक्चर ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अपनी 100 एकड़ की टाउनशिप परियोजना को बचाने के लिए यमुना विकास प्राधिकरण ( EIDA ) को अपनी भूमि की बकाया धनराशि में से 130 करोड़ रुपये का आंशिक भुगतान किया है। यह धनराशि यमुना एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-22-डी में आवंटित भूखंड पर बकाया राशि का 25 प्रतिशत है।

**31 अगस्त तक का मिला था समय**

कंपनी की तरफ जारी किए गए बयान में बताया गया है कि एटीएस इंफ्रास्ट्रक्चर समूह की कंपनी ग्रीनबे इंफ्रास्ट्रक्चर और एटीएस रियल्टी ने यमुना एक्सप्रेसवे के साथ सेक्टर 22डी में आवंटित भूमि पर बकाया राशि के लिए YEIDA को 130 करोड़ रुपये जमा किए हैं। 130 करोड़ रुपये की यह धनराशि एटीएस रियल्टी द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे पर विकसित की जा रही 100 एकड़ की टाउनशिप के लिए बकाया राशि (लैंड ड्यूज) के लिए न्यूनतम देय राशि थी। EIDA ने कंपनी को अपने बकाया धनराशि का 25 प्रतिशत और किसानों को अतिरिक्त मुआवजे के भुगतान करने के लिए 31 अगस्त तक का समय दिया था।




**रुकी परियोजना को चालू करने में मदद करेगी समिति**

एटीएस समूह के अध्यक्ष गीतांबर आनंद ने कहा कि अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के लागू होने से रियल एस्टेट क्षेत्र को काफी मदद मिल रही है।

कई रुकी हुई परियोजनाओं को फिर से शुरू करने में भी मदद कर रही है। जिससे डेवलपर के साथ ही बायर्स का हित भी सुरक्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि एटीएस की विभिन्न परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

**एटीएस होमक्राफ्ट' ब्रांड के नाम से बनेगी नई टाउनशिप**

कंपनी ने पहले ही उसी टाउनशिप में 8.5 एकड़ जमीन पर 1,145 फ्लैटों वाला एक ग्रुप हाउसिंग कॉम्प्लेक्स तैयार कर इस परियोजना को घर खरीदने वालों को सौंप दिया है। एटीएस ग्रुप अब एटीएस होमक्राफ्ट नाम से यमुना एक्सप्रेसवे पर एक अत्याधुनिक आवासीय टाउनशिप बनाने की तैयारी में है।

### सी.सी.एस. यूनिवर्सिटी मेरठ के 36वें दीक्षांत समारोह में आई. टी. एस. कॉलेज (बी. बी. ए.) की छात्रा को मिला गोल्ड मेडल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ के 36वें दीक्षांत समारोह में मंगलवार को आई. टी. एस. कॉलेज की बीबीए (2021-2024) पाठ्यक्रम की छात्रा एन. रिजॉइस को महामहिम आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि आनंदीबेन पटेल, डॉ. एन. कलासेल्वी और प्रोफेसर संगीता शुक्ला तथा सीसीएस विश्वविद्यालय की कुलपति ने सभी गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी। छात्रों ने सफलता का श्रेय कॉलेज की शिक्षा पद्धति एवं अध्यापकों को दिया है।

इस अवसर पर आई.टी.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा ने छात्रों को बधाई दी। वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह अचीवमेंट आपकी कड़ी मेहनत के लिए है। निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय एवं उप प्रधानाचार्या प्रोफेसर नैंसी शर्मा ने टॉपर छात्रों को बधाई दी एवं भविष्य में भी इसी तरह निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आई.टी.एस. ग्रुप ऑफ एजूकेशन्स के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा, डायरेक्टर यू.जी. प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार पांडेय, आई. टी. एस (यू. जी. कैंपस) की वाईस प्रिंसिपल प्रोफेसर नैंसी शर्मा तथा अध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

# हापुड़ में तेंदुए की दहशत: लोगों का घरों से निकलना हुआ बंद, पुलिस ने संभाली कमान

**हापुड़, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के नवादा गांव में इन दिनों तेंदुए का खौफ छाया हुआ है। पिछले कुछ दिनों में इस तेंदुए ने कई जानवरों को अपना शिकार बना लिया है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। डर के चलते गांव के लोगों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजना तक बंद कर दिया है। तेंदुए की इस दहशत को कम करने और ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए हापुड़ के एसपी ज्ञानंजय सिंह ने देर रात गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से सुरक्षा संबंधी सुझाव साझा किए।

**तेंदुए की दहशत का कारण**

गढ़मुक्तेश्वर के जंगल से आया यह तेंदुआ नवादा गांव में प्रवेश कर चुका है और इसने कई मवेशियों को अपना शिकार बना लिया है। इसके चलते गांव के लोग बेहद डरे हुए हैं और शाम ढलते ही गांव में सन्नाटा पसर जाता है। ग्रामीण अपने-अपने घरों में बंद होने लगे हैं, और खेतों में काम करने जाने से भी डर रहे हैं। तेंदुए की वजह से अब तक चार गांवों के लोग दहशत में हैं, जहां शाम होते ही सड़कों और गलियों में सन्नाटा छा जाता है।



**एसपी ने दी ग्रामीणों को सलाह**

एसपी ने ग्रामीणों को सलाह दी कि वे सावधानी बरतें और अगर संभव हो, तो अगले 15 दिनों तक खेतों में जाने से बचें। यदि खेतों या अन्य किसी काम के लिए बाहर जाना पड़े, तो 4-5 लोगों के साथ मिलकर जाएं। इससे तेंदुए का सामना होने की स्थिति में बचाव के लिए ज्यादा मौका मिलेगा। इसके साथ ही, एसपी ने आश्वासन दिया कि तेंदुए को जल्द ही पकड़ने के लिए वन विभाग और पुलिस की टीमें मिलकर काम कर रही हैं।

**वन विभाग की तैयारी**

ग्रामीणों की चिंता को देखते हुए वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए कुछ प्रयास किए हैं। हालांकि, अभी तक सिर्फ एक जाल ही गांव में लगाया गया है और तेंदुए की तलाश के लिए केवल चार वन कर्मी तैनात किए गए हैं। ये कर्मी शाम होते ही वापस लौट जाते हैं, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षा का पूरा भरोसा नहीं मिल पा रहा है। तेंदुए के पैरों के निशान गांव के कई घरों के बाहर और पेड़ों पर देखे गए हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और बढ़ गया है। तेंदुए के आतंक की वजह से गांव के लोग अपने मवेशियों को लेकर घरों में कैद हो गए हैं और सामान्य जीवन काफी प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों को चिंता है कि अगर तेंदुआ जल्द ही नहीं पकड़ा गया, तो और भी जानवरों और शायद इंसानों की जान को खतरा हो सकता है।

# पीएम मोदी ने की सुल्तान बोल्किया से मुलाकात, भारत-ब्रूनेई संबंधों को गति देने का प्रयास







## दोनों देशों ने रक्षा और समुद्री सहयोग बढ़ाने का किया एलान, आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी की बातचीत

**ब्रूनेई।** ब्रूनेई दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा और समुद्री सहयोग को बढ़ाने का एलान किया बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने और रक्षा, व्यापार, ऊर्जा समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बात की गई।

ब्रूनेई यात्रा पर गए पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ब्रूनेई के सुल्तान बोल्किया ने अपने निवास इस्ताना नुरुल इमान में स्वागत किया। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया कि यह भारत-ब्रूनेई संबंधों को एक्ट ईस्ट नीति के तहत गति देने का प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया ने बंदर सेरी बेगवान में सार्थक चर्चा की। मुलाकात के बाद दोनों देशों ने संयुक्त बयान में कहा कि वह नौपरिवहन और उड़ानों की स्वतंत्रता को कायम रखेंगे। साथ ही रक्षा और समुद्री सहयोग को बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के टेलीमेट्री ट्रैकिंग और टेलीकॉममांड (टीटीसी) स्टेशन की मेजबानी जारी रखने के लिए ब्रुनेई दारुस्सलाम की भी सराहना की। मोदी ने ब्रुनेई यात्रा को लेकर कहा कि यह भारत-ब्रुनेई संबंधों के एक नए युग की शुरूआत करता है।

उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत साझेदारी में बदलने का स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति समेत कई संबंधों पर बात की। सुल्तान बोल्किया से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ब्रुनेई भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और भारत प्रशांत लक्ष्य में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हम एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हैं । ब्रुनेई की मेरी यात्रा और हमारी चचाएं हमारे द्विपक्षीय संबंधों को एक रणनीतिक दिशा देंगी।

पीएम मोदी ने ब्रुनेई के सुल्तान और नागरिकों को 140 करोड़ भारतीयों की ओर से 40वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत व्यापक रही। इसमें हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीके पर चर्चा हुई। हम व्यापार संबंधों, वाणिज्यिक संपर्कों का विस्तार करने जा रहे हैं।

# नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सिंगापुर पहुंचे

## प्रधानमंत्री ने भारत को आदर्श निवेश गंतव्य बताया



**सिंगापुर।** प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र के साथ रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के उद्देश्य से दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा समाप्त करने के बाद सिंगापुर के अपने समकक्ष



**पिछली बार वर्ष 2018 में पीएम सिंगापुर की यात्रा की थी**

लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर इस दक्षिण-पूर्व एशियाई देश की अपनी पांचवीं आधिकारिक यात्रा के तहत यहां पहुंचे।

**पीएम मोदी का सिंगापुर में कार्यक्रम :** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के अलावा मोदी वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग और एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से भी मुलाकात करेंगे। वोंग और लूंग मोदी के सम्मान में अलग-अलग भोज देंगे। मोदी सिंगापुर के व्यापारिक नेताओं से भी मिलेंगे और देश के सेमीकंडक्टर तंत्र से जुड़े लोगों के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री ह्यइंडिया रेडी टैलेंट प्रोग्रामह्न के तहत भारत में ह्यइंटर्नशिपह्न करने वाले सिंगापुर के छात्रों और सिंगापुर की कंपनियों में काम करने वाले ओडिशा के प्रशिक्षुओं से भी मिलेंगे।

पीएम मोदी ने पिछली बार वर्ष 2018 में सिंगापुर की यात्रा की थी। ताजा यात्रा पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अन्य सरकारी अधिकारी उनके साथ होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिंगापुर पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी वहां मौजूद कलाकारों के साथ ढोल बजाते भी नजर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिंगापुर के एक होटल में भारतीय समुदाय द्वारा स्वागत किया गया। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम और सिंगापुर के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे।

### भारतीय समुदाय ने किया स्वागत















# सिंगापुर में पीएम मोदी ने जमकर बजाया ढोल

## महिला से बंधवाई राखी, ढोल-नगाड़ों से के बीच हुआ स्वागत





**सिंगापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई के दौरे के बाद सिंगापुर पहुंच गए हैं। यहां पीएम मोदी का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ जमकर स्वागत हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री खुद भी सिंगापुर में ढोल बजाते नजर आए।

बता दें, पीएम मोदी दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए सिंगापुर पहुंचे हैं। उनकी यह यात्रा दो दिन की होगी। इससे पहले पीएम मोदी तीन-चार सितंबर तक ब्रुनेई के दौरे पर रहे। बाद में वह वहां से सिंगापुर के लिए रवाना हुए थे।

**ढोल नगाड़ों के बीच हुआ स्वागत:** सिंगापुर में पीएम मोदी का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत हुआ।

इस दौरान पीएम मोदी भी मस्ती के मूड में नजर आए और वह खुद ही ढोल बजाने लगे। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें चेहरे पर मुस्कान लिए पीएम को ढोल बजाते देखा जा सकता है।

### महिला ने बांधी राखी

पीएम मोदी के इस दौरे के लिए सिंगापुर में मौजूद भारतीय समुदाय में काफी उत्साह देखने को मिला। पीएम ने भारतीय समुदाय से मुलाकात की और लोगों को अपना ऑटोग्राफ भी दिया। इतना ही नहीं, सिंगापुर के एक होटल में प्रधानमंत्री मोदी के पहुंचने पर एक महिला ने उन्हें राखी बांधी।

### राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से करेंगे मुलाकात

ब्रुनेई की यात्रा के बाद सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री दक्षिण-पूर्व एशियाई देश की अपनी पांचवीं आधिकारिक यात्रा के तहत यहां पहुंचे हैं। दो दिवसीय इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी का गुरुवार को सिंगापुर की संसद भवन में आधिकारिक स्वागत किया जाएगा। वह इस दौरान सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात भी करेंगे।

**सिंगापुर पहुंचने से पहले क्या बोले थे पीएम मोदी? :** सिंगापुर रवाना होने से पहले जारी एक बयान में पीएम मोदी ने कहा, 'मैं सिंगापुर के साथ विशेष रूप से उन्नत विनिर्माण, डिजिटलीकरण और सतत विकास के नए एवं उभरते क्षेत्रों में हमारी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के उपायों पर बातचीत को लेकर उत्सुक हूं।'

नई दिल्ली में अधिकारियों ने बताया कि सिंगापुर के अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री सिंगापुर के नेतृत्व की तीन पीढ़ियों से जुड़ेंगे। उन्होंने सिंगापुर में पहुंचने के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ' मैं सिंगापुर पहुंच गया हूं।



# गाजा में IDF के हमले में 35 फलस्तीनी मारे गए

## 7 अक्तूबर के हमलों में शामिल कमांडर की मौत का भी दावा

**काहिरा।** इस्त्राइल और हमास के बीच जारी जंग को एक साल होने वाला है, लेकिन ये जंग थमने की जगह बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में हमास ने सात अक्तूबर 2023 को बंधक बनाए गए लोगों में से छह की हत्या कर दी थी। जिसके बाद इस्त्राइल भड़का हुआ है। इसी क्रम में इस्त्राइली सेना ने मंगलवार को गाजा के अलग-अलग हिस्सों में हमला किया। इसमें हमास के आठ उग्रवादियों समेत 35 फलस्तीनियों को मारे जाने की खबर है। इस हमले के बारे में फलस्तीनी नागरिक आपातकालीन सेवा ने जानकारी दी है। फलस्तीनी नागरिक आपातकालीन सेवा ने बताया कि इस्त्राइली हवाई हमले में मारे गए लोगों में दक्षिणी शहर राफा में 4 महिलाएं, उत्तर में गाजा शहर में 8 और मध्य में 9 फलस्तीनी मारे गए। इस्त्राइली सेना ने दावा किया कि उसने 7 अक्तूबर 2023 में हुए हमले में शामिल कमांडर सहित आठ उग्रवादियों को मार गिराया है। हालांकि अभी हमास की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, ताजा हमले से युद्ध विराम के प्रयासों को एक बार फिर झटका लगा है। बता दें कि इस्त्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार गाजा के दक्षिणी किनारे पर फिलाडेल्फिया कॉरिडोर से इस्त्राइली सैनिकों को हटाने साफ इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि वहां इस्त्राइली सैनिक मौजूद रहेंगे। साथ ही नेतन्याहू ने एक बार फिर हमास को जड़ से खत्म करने की अपनी प्रतिद्धता जताई थी।

### बंधकों के शव मिलने के बाद और बिगड़ी स्थिति

दरअसल, इस्त्राइल और हमास के बीच 7 अक्तूबर, 2023 को शुरू हुआ युद्ध अभी भी जारी है। पिछले कुछ दिनों से गाजा में कुछ ऐसा घटा जिससे संघर्ष तेज होने की आशंका को जन्म दे दिया है। रविवार को इस्त्राइली सेना ने गाजा में छह बंधकों के शव बरामद किए, जिनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। मारे गए बंधकों में एक अमेरिकी नागरिक भी शामिल था।

# बोए पेड़ बबूल के तो आम कहां से होए, पाक को सताने लगी अपनी ही पैदा की समस्या

## मंत्री बोले- हालिया आतंकी हमलों के पीछे रिहा किए गए दहशतगर्द



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लगातार हो रहे आतंकवादी हमलों को लेकर मंगलवार को सरकार ने बड़ी जानकारी दी है। पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि देश में हाल में हुए आतंकवादी हमलों में शामिल अधिकांश आतंकवादियों को पिछली सरकार में किए गए समझौते के तहत रिहा किया गया था।

आंतरिक मामलों पर सीनेट की स्थायी समिति को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि रिहा किए गए आतंकी सीमा पार अफगानिस्तान भाग गए और वहां से हमले कर रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ हमलों की साजिश रचने वालों में से ज्यादातर समझौते के तहत रिहा किए गए थे। उन्होंने कहा कि गृह सचिव अफगानिस्तान का दौरा करके सरकार को सभी सबूत मुहैया करा चुके हैं और उनसे कार्रवाई करने का आग्रह कर चुके हैं।



नकवी ने आतंकवादियों की रिहाई के लिए समझौते की जानकारी नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान खान सरकार ने 2021 में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद बातचीत के बाद आतंकवादियों को रिहा किया था। इमरान खान ने अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर खुशी जाहिर की थी और कहा था कि उन्होंने गुलामी की बेड़ियां तोड़ दी हैं।

दरअसल पाकिस्तान को बहुत उम्मीदें थीं कि काबुल में तालिबान शासन उसके सुरक्षा मुद्दों का समाधान करेगा, लेकिन तालिबान के सत्ता में आने के बाद से स्थिति खराब हो गई है और आतंकवादी हमले कई गुना बढ़ गए। नकवी ने बताया कि अफगानिस्तान में कई हमलों की योजना बनाई जा रही थी। इसमें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादी भी शामिल हैं। बलूचिस्तान में बस में हुए हमले में 50 लोगों की हत्या को लेकर उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित संगठनों के समूहों ने हमलों की योजना बनाई थी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या के.बी.87, कविनगर मोहल्ला कविनगर गाजियाबाद, नगर निगम के संपत्ति कर अभिलेखों में दर्ज नाम श्री/श्रीमती सुधाकर पटनायक के स्थान पर श्री/श्रीमती मोहित पटनायक व पवित्र पटनायक नाम दर्ज किए जाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयत एवं निर्धारित शुल्क जमा कर उक्त भवन पर दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।
नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन पर नाम परिवर्तन में आपत्ति हो तो वह कविनगर जोन कार्यालय, नगर निगम गाजियाबाद में प्रमाणित साक्ष्यों सहित 30 दिवस के अंदर अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें।

**कर अधीक्षक**
**कविनगर जोन**
**नगर निगम गाजियाबाद**




# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जनता को दी 66 करोड़ की ऐतिहासिक विकास कार्य की सौगात

## विधायक ने कहा, लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है भाजपा

**लोनी, करंट क्राइम।** जलभराव से परेशान लोनी के लिए बुधवार राहत की खबर लेकर आया। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने 66 करोड़ की लागत से लोनी नगरपालिका के वार्ड 33, 45 और 1 में जलनिकासी हेतु सीवरेज सिस्टम अधिष्ठापन कार्य का छठ घाट अंकुर एन्क्लेव गली नम्बर-1 से शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा सभासद दल के अध्यक्ष रोहित भारद्वाज समेत संबंधित वार्ड के सभासद व अन्य सभी भाजपा सभासद गण, भाजपा मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारीगण और हजारों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे जो लंबे समय से क्षेत्र में सीवरेज सिस्टम की मांग कर रहे थे। जल निगम की ओर से अधिशासी अभियंता अरुण प्रताप, एई संजय, जेई शोभिल व अन्य उपस्थित रहे।

**लोनी के वार्ड नम्बर 33, 45 और 1 में जलनिकासी पर खर्च होगी धनराशि**







### विधायक ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री का जताया आभार

**करंट क्राइम।** नगरपालिका लोनी के तीन वार्डों में जलनिकासी हेतु सीवरेज सिस्टम के कार्य का शुभारंभ विधिवत कर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि इस विकास कार्य से 3 वार्ड में रहने वाले लाखों लोग लाभान्वित होंगे जो जलभराव की समस्या का सामना कर रहे थे। काफी लंबे समय से यह कार्य तकनीकी अड़चनों के कारण अटका हुआ था लेकिन अथक प्रयासों के बाद हमारे एसएलएफ, डीएलएफ, वेद विहार गंगा विहार, सालेह नगर, विकास नगर, सादुल्लाबाद, मिलक गांव के लोगों को यह खुशी मिली है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री एके शर्मा का आभारी हूं जिन्होंने हमारी समस्या को सुना और 66 करोड़ की सौगात लोनीवासियों को दी है।

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया जलनिकासी की दिशा में ऐतिहासिक कदम, सर्वांगीण विकास का दोहराया संकल्प

**करंट क्राइम।** इस दौरान कार्यक्रम में शामिल हजारों लोगों ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा यह बहुत ही खुशी और हर्ष का विषय है। संबोधन में विधायक ने कहा कि आज करोड़ों की लागत से लोनी में विकास कार्य विधायक निधि, मुख्यमंत्री त्वरित योजनांतर्गत, राज्य वित्त, डूडा, पीडब्ल्यूडी आदि के माध्यम से हो रहे हैं, लोगों की जिंदगी आसान हो रही है। जलनिकसी हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या है, लोनी की भौगोलिक स्थिति के कारण, लेकिन अब इस दिशा में भी कार्य शुरू हो गया है। जल्द इसका दायरा पूरा होगा और लोनी की तस्वीर और अच्छी होगी। इसके अतिरिक्त विधायक ने कहा लोनी में बिजली, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति में आज अभूतपूर्व सुधार हुआ है जिसकी साक्षी लोनी की जनता है जिसने मुझे पुनः अपनी सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान किया। लोनी एक हाईटेक सिटी बने इसके लिए बृहद स्तर योजना तैयार की जा रही है। लोनी विकास के पथ पर अग्रसित है। भाजपा की नीतियों और विकास के प्रति मेरी प्रतिबद्धता पर जनता का विश्वास है।

# ग्रेनो वेस्ट से ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाली सड़क पर बिना रुकावट अब दौड़ेंगे वाहन



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा को ग्रेटर नोएडा वेस्ट से जोड़ने के लिए बनाई गई 130 मीटर सड़क के दोनों ओर के 50 मीटर के विवादित हिस्सा का आखिरकार हल निकल आया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व तोशा कंपनी के बीच इस हिस्से को लेकर सहमति बन गई है। प्राधिकरण करीब चार एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगा। अगले दो से तीन महीने में सड़क का निर्माण करा दिया जाएगा। इसके बनने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सिरसा गांव स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे तक बिना रुकावट की कनेक्टिविटी हो जाएगी।

28 किमी लंबी इस सड़क का पूरा हिस्सा ठीक है, लेकिन तिलपता गोल चक्कर से आगे देवला गांव के पास मात्र 50 मीटर सड़क का निर्माण नहीं हुआ था। इस हिस्से में गड्ढे ही गड्ढे हैं। 19 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद प्राधिकरण और कंपनी में सहमति बनी है। अन्य हिस्से को लेकर पहले की तरह मामला कोर्ट में चलता रहेगा। आमजन से जुड़े इस मुद्दे को दैनिक जागरण लगातार उठा रहा था। यहां से प्रतिदिन करीब 40 हजार वाहन गुजरते हैं। एयरपोर्ट के संचालन के बाद संख्या और बढ़ जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 2004 में सिरसा व डाढ़ा गांव से ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक 28 किमी सड़क का निर्माण शुरू किया था। ग्रेटर नोएडा वेस्ट से सड़क को नोएडा और गाजियाबाद से भी जोड़ा गया है। तिलपता गोल चक्कर से आगे देवला गांव के पास तोशा कंपनी की फैक्ट्री का करीब 50 मीटर जमीन का कुछ हिस्सा आ गया। कंपनी कोर्ट से स्टे आर्डर ले आई। तभी से प्राधिकरण और कंपनी के बीच मुआवजे के लेकर विवाद चल रहा है। इसके बाद कई बार जमीन को लेकर कंपनी प्रबंधन व प्राधिकरण के बीच बैठक हुई लेकिन सहमति नहीं बन सकी। पिछले दिनों प्राधिकरण सीईओ एनजी रवि कुमार ने कंपनी अधिकारियों के साथ बैठक कर जनहित का हवाला देकर जमीन देने को कहा जिस पर सहमति बनई गई। इसके एवज में प्राधिकरण कंपनी को अन्य विकल्प देगा।

### 130 मीटर सड़क पर कामर्शियल जगह की मांग कर चुकी कंपनी

जानकारी के मुताबिक पूर्व में हुई बैठक में कंपनी ने मुआवजे के बजाय 130 चौड़ी सड़क पर इतना ही क्षेत्रफल कामर्शियल भूखंड के रूप में मांगा था। प्राधिकरण ने कामर्शियल भूखंड देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद मामला अदालत पर ही निर्भर हो गया है।

### पेरिफेरल एक्सप्रेसवे तक का है लिंक

पहले ये सड़क सिरसा गांव तक बनाई गई थी। सिरसा के पास से ही दिल्ली के चारों तरफ बना पेरिफेरल एक्सप्रेसवे गुजर रहा है। 130 मीटर सड़क को एक्सप्रेसवे से जोड़ दिया गया। इसके बनने से ग्रेटर नोएडा से फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, नारनौल, बहादुरगढ़, गाजियाबाद, हापुड़ व बागपत जाना आसान हो गया। यही कारण है कि सड़क पर यातायात का दबाव अधिक है।

### हो चुकी आपराधिक घटनाएं

50 मीटर हिस्सा पूरी तरह से जर्जर होने के कारण वाहनों की गति काफी धीमी हो जाती है। पूर्व में इस हिस्से में आपराधिक घटनाएं भी हो चुकी हैं।

# समाज कल्याण मंत्री की पहल पर गाजियाबाद में छात्रावास के कायाकल्प के लिए जारी हुआ बजट, बेहतर होंगी सुविधाएं

## बालक छात्रावास नंदग्राम में दो करोड़ रुपए से होंगे विभिन्न कार्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाज कल्याण विभाग की ओर से गाजियाबाद जनपद के नंदग्राम में स्थित राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 2 करोड़ रुपए स्वीकृत किये हैं, जिसमें से पहली किश्त के रूप में 01 करोड़ रुपये समाज कल्याण विभाग ने जारी कर दिये हैं। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने दी। उन्होंने बताया कि जारी धनराशि से छात्रावासों की सुविधाओं को और अधिक बेहतर किया जाएगा, ताकि छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### पहली किश्त के रूप में एक करोड़ रुपये विभाग ने किए जारी

**करंट क्राइम।** समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों तक तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षा का लाभ पहुंच सके। इसके लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। इसी क्रम में जनपद गाजियाबाद में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराने के लिए पहली किश्त के रूप में 1 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं।

# नोएडा में टोपी गैंग की पुलिस से मुठभेड़

## दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, 6 फरार, वारदात कर चप्पल-जूता उतार देते थे



**नोएडा।** नोएडा में बुधवार को पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। वो लोग पुलिस को देखते ही फायर करने लगे। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली मारकर पुलिस ने पकड़ा। उनके साथी चकमा देकर भाग निकले। जिनकी पुलिस तलाश जारी है। बदमाशों ने 28 अगस्त को घर में घुसकर एक डकैती को अंजाम दिया था। इस गिरोह का नाम टोपी गैंग था। ये लोग टोपी पहनकर वारदात करने निकलते थे। गैंग के 6 साथी अभी फरार चल रहे हैं। सरस्वती ऐनक्लेव में 8 से 10 बदमाश एक घर में घुसे थे। सामान लूटकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए ड्रोन से तलाश भी कर रही थी। 500 से ज्यादा उउळश देखे। 50 संदिग्धों से पूछताछ की। इनके पास से मोटरसाइकिल, एक कार, 2 तमंचे, कारतूस, 3,9700 हजार रुपए, 2 तोला गला हुआ सोना मिला है।

### इस तरह करते थे वारदात

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया-इस गैंग के सभी लोग अपना चेहरा छुपाने के लिए टोपी का इस्तेमाल करते है। ताकि कोई इन्हें आसानी से पहचान नहीं पाए। इसके साथ ही ये घटना को अंजाम देकर अपनी चप्पल या जूते रास्ते में ही फेंककर फरार हो जाते थे। जिससे घटना को अंजाम देने के बाद तेज भाग सके। रेकी करने के लिए रेहड़ी का इस्तेमाल करते थे। फेरी लगाने के दौरान घर को चिह्नित कर करते थे। उसके बाद रात में डकैती और लूट की वारदातों को अंजाम देते थे।

# लोनी गाजियाबाद ने लिया संकल्प - करेंगे भाजपा परिवार को और बड़ा





**लोनी, करंट क्राइम।** जनपद गाज़ियाबाद लोनी में बुधवार को भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत शुभारंभ व प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।जो की जिले के अध्यक्ष सत्यपाल प्रधान की अध्यक्षता में संपूर्ण हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिला गाज़ियाबाद प्रभारी मंत्री असीम अरुण रहे एवं लोनी के लोकप्रिय विधायक नंदकिशोर गुर्जर उपस्थित रहे। साथ ही लोनी गाज़ियाबाद के देवतुल्य कर्मठ कार्यकर्ता और सभी उपस्थित साथियों ने लोनी गाजियाबाद के एक-एक नागरिक को भाजपा की सदस्यता दिलाने का संकल्प लिया।

# ग्रेटर नोएडा की सोसायटी में दूषित पानी पीने से 339 लोग बीमार, छह अस्पताल में भर्ती



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सुपरटेक इकोविलेज-टू सोसायटी में दूषित पानी से कई लोगों के बीमार होने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप लगाकर जांच की। कैंप में 339 लोगों की जांच हुई। जिसमें नौ लोग बुखार से पीड़ित और 330 लोग पेट दर्द, उल्टी और दस्त बीमार मिले। बिल्डर प्रबंधन पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना छह लोगों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। सोसायटी के बेसमेंट में जमा पानी में लार्वा पनपते मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिल्डर प्रबंधन पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना किया है। सोसायटी में आपूर्ति किए जा रहे पानी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। सोमवार की देर शाम सोसायटी के चार टावरों में एक-एक कर 50 से अधिक लोग बीमार होने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग तुरंत हरकत में आया और क्लब हाउस में जाकर स्वास्थ्य कैंप लगाया। निजी अस्पतालों ने भी सोसायटी में कैंप लगाकर लोगों की जांच की।

### सोसायटी में लगाया गया कैंप

बता दें कि शनिवार को सुपरटेक इकोविलेज-टू सोसायटी में टैंकों की सफाई हुई। सोमवार की देर शाम सोसायटी में एक-एक कर 50 से अधिक लोग बीमार हो गए। बीमारों में अधिकांश बच्चे थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम देर रात सोसायटी में पहुंची। बीमारों का लक्षण के आधार पर उपचार किया गया। सोसायटी में कैंप लगाया गया। जांच के दौरान 339 लोग बीमार मिले। कैंप के दौरान ही मलेरिया विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची। मलेरिया विभाग की टीम को बेसमेंट में पानी जमा मिला जिसमें लार्वा पनपता मिला। मलेरिया विभाग ने प्रबंधन पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोसायटी के फ्लैटों में आपूर्ति किए जा रहे पानी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। छह लोग अस्पताल में उपचाराधीन हैं। सभी की स्थिति सामान्य है।

### प्राधिकरण की टीम भी मौके पर पहुंची

सोसायटी में प्राधिकरण की ओर से आपूर्ति किए जा रहे पानी की जांच के लिए प्राधिकरण की टीम भी पहुंची। पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। प्राधिकरण की ओर से आपूर्ति किए जा रहे पानी में किसी तरह की खराबी नहीं मिली। प्रबंधन की ओर से टैंकों से आपूर्ति किए जा रहे पानी के नमूने भी जांच को लिए गए हैं।


# ठगी के मामले में 4.81 करोड़ की रकम कराई फ्रिज, अगस्त महीने में 12 साइबर ठगों को नोएडा पुलिस ने भेजा जेल



**नोएडा।** नोएडा में साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अगस्त महीने में आए 22 मामलों में चार करोड़ 81 लाख रुपए फ्रीज कराकर पीड़ितों को वापस कराए हैं। इस दौरान 12 जालसाज को दबोच कर पुलिस ने सलाखों के पीछे भी भेजा है। ठगी के शुरूआती घंटे में जिस पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की उसकी 50 प्रतिशत से अधिक की रकम को पुलिस ने बैंक अधिकारियों से बात करके स्थापित कर फ्रीज करा दिया है। ठगी होने पर देरी न करते हुए तत्काल 1930 पर अवगत कराए। ताकि पैसों को फ्रीज कराया जा सके। साइबर क्राइम थाने के प्रभारी ने बताया कि साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ठगी की शिकायत मिलते ही उन खातों को फ्रीज कराने का प्रयास किया जाता है, जिनमें ठगी की रकम ट्रांसफर होती है। अगस्त में पुलिस को इसमें उल्लेखनीय सफलता मिली है। साइबर क्राइम थाने में दर्ज दस केस और पोर्टल से मिली 12 शिकायतें समेत कुल 22 मामलों में पुलिस ने चार करोड़ 81 लाख 38 हजार 806 करोड़ रुपए की रकम को फ्रीज कराया है। यह रकम पीड़ितों के मूल खाते में फिर से ट्रांसफर कर दी गई है।

साइबर ठगी से संबंधित मामलों का त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस पीड़ितों को जल्द से जल्द सहायता प्रदान करने का प्रयास करती है। पुलिस द्वारा संबंधित बैंक अधिकारियों और अन्य एजेंसियों से सामंजस्य स्थापित करते हुए साइबर ठगी के पैसों को जल्द से जल्द पीड़ितों के खातों में वापस कराया जाता है। इसके अलावा माह में करोड़ों की ठगी में शामिल 12 आरोपियों को भी पुलिस ने दबोचा है। इसमें से ज्यादातर वे आरोपी है जिन्होंने ठग गिरोह को कमीशन पर अपना खाता उपलब्ध कराया है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वाइफ है तो लाइफ है कुछ ऐसा संदेश सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने अपनी धर्मपत्नी देवेंदरकौर इंदू के जन्मदिन पर दिया। इंदरजीत सिंह टीटू ने अपनी जीवनसाथी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अच्छे भाग्य से ऐसा जीवनसाथी मिलता है। बधाई शुभकामनाएं देने वालों का एक सिलसिला फेसबुक पोस्ट पर जारी रहा। खुशियों की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ब्रुनेई की राजधानी से चेन्नई के लिए सीधी विमान सेवा
# रक्षा व अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग के लिए भी समझौते



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया ने बुधवार को एक द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों से से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने बांदर सेरी बेगावान और चेन्नई के बीच सीधी विमान सेवा शुरू होने का भी स्वागत किया। ब्रुनेई की राजधानी बांदर सेरी बेगावान और भारत के चेन्नई के बीच सीधी विमान सेवा शुरू होगी। यह एलान प्रधानमंत्री नरेंद्र की ब्रुनेई यात्रा के दौरान की गई है। सीधी विमान सेवा के अलावा दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और लोगों के लोगों के बीच संबंध के क्षेत्र में भी अपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हुए समझौतों से भविष्य में द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होने का अनुमान है। विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि भारत और ब्रुनेई ने सैटेलाइट और लॉन्चिंग वाहनों के लिए टेलिमैट्री, ट्रैकिंग और टेलीकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर किए। पीएम मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया ने बुधवार को एक द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों से से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने बांदर सेरी बेगावान और चेन्नई के बीच सीधी विमान सेवा शुरू होने का भी स्वागत किया। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के टेलीमेट्री ट्रैकिंग और टेलीकमांड (टीटीसी) स्टेशन की मेजबानी जारी रखने के लिए ब्रुनेई दारुस्सलाम की गहरी सराहना की। इस संस्थान ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ओर से चल रहे प्रयासों में योगदान दिया है। साझा बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने दोनों सरकारों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था और एमओयू के तहत आपसी हित के क्षेत्रों में आगे सहयोग का स्वागत करते हुए नए एमओयू की सराहना की। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार और निवेश, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण और संस्कृति के साथ-साथ लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित कई विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता की।

### विदेश मंत्री जयशंकर और ब्रुनेई के परिवहन मंत्री ने किया एमओयू पर हस्ताक्षर

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और ब्रुनेई के परिवहन और सूचना संचार मंत्री महामहिम पेंगिरन दातो शमहारी पेंगिरन दातो मुस्तफा ने उपग्रह और प्रक्षेपण वाहनों के लिए टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और टेलीकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान पीएम मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान भी मौजूद रहे। वार्ता के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी।

### जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद के मुद्दे पर भी हुई चर्चा

पीएम मोदी और ब्रुनेई सुल्तान ने पेरिस समझौते जैसे अंतरराष्ट्रीय जलवायु उद्देश्यों के अनुसार जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने और इस बढ़ती चुनौती के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के प्रयासों को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। वे आईसीटी, फिनटेक, साइबर सुरक्षा, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग की खोज और उसे आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद की भी निंदा की। दोनों नेताओं नेआतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का विरोध किया और राष्ट्रों से इसे अस्वीकार करने का आह्वान किया गया।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सांसदों के रूप में शपथ दिलाई। राज्यसभा सांसद की शपथ लेने वालों में कांग्रेस नेता व वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और भाजपा की किरण चौधरी शामिल हैं। डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी तेलंगाना से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। उपराष्ट्रपति ने बुधवार को उन्हे राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में भाजपा सांसद रामेश्वर तेली को भी राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। भाजपा की किरण चौधरी व जॉर्ज कुरियन को भी राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। राज्यसभा के सभापति ने बुधवार को ही संसद भवन में महाराष्ट्र से चुने गए सांसद धैर्यशील मोहन पाटिल को भी राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। बुधवार को बतौर राज्यसभा सांसद शपथ लेने वाली किरण चौधरी हरियाणा से हैं। वह हाल ही में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्य बनी हैं। इससे पहले वह हरियाणा के भिवानी स्थित तोशाम विधानसभा क्षेत्र से विधायक रही हैं। भाजपा में आने से पहले वह कांग्रेस की सदस्य थीं। वह पांच बार विधायक रही हैं और उनके ससुर बंसीलाल हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वह हरियाणा के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी, भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस की लोकसभा सांसद रह चुकी हैं। हालांकि, अब वह भी भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। वहीं जाने माने वकील और



कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की भी राज्यसभा में एंट्री हो गई है। राज्यसभा की कुल 12 सीटों पर सांसद चुने गए हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के 9, सहयोगी दलों के दो और कांग्रेस का एक सांसद बना है। राज्यसभा में अभिषेक मनु सिंघवी के पहुंचने के साथ ही कांग्रेस के सांसदों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। तेलंगाना से अभिषेक मनु सिंघवी निर्विरोध चुने गए हैं। इससे राज्यसभा में कांग्रेस के पास पहले से मौजूद नेता विपक्ष का पद और सुरक्षित हो गया है। राज्यसभा में कांग्रेस की संख्या बढ़कर 27 हो गई है, जबकि नेता विपक्ष का का पद हासिल करने के लिए 25 सीटों की जरूरत होती है।

## न्यूज डायरी

### कोरोना का ऐसा टीका लगवाया, जिसकी वजह से चलते-फिरते मर रहे लोग : हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोविड टीकाकरण को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने कोरोना के दौरान देश में करोड़ों लोगों को ऐसा टीका लगवाया, जिसका दुष्प्रभाव साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आज चलते-फिरते लोगों की मौत हो जा रही है। बुजुर्गों को तो छोड़िए, स्वस्थ युवा भी देखते-देखते मौत का शिकार हो रहे हैं। सोरेन ने रांची में 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' की लाभार्थियों के बैंक खाते में रकम ट्रांसफर करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने कोरोना का टीका बनाने वाली कंपनियों से पैसा-चंदा वसूला और लोगों को जबरन ऐसा टीका लगवाया, जिसकी वजह से सर्दी-खांसी जैसी मामूली बीमारी में भी मौतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हाल में हमारे एक सांसद की पत्नी का 28 साल की उम्र में मामूली बीमारी से निधन हो गया। हमारे यहां कांस्टेबल बहाली के लिए चल रही दौड़ में कुछ युवाओं की जान चली गई है। हम इस मामले की जांच करवा रहे हैं। इसे लेकर विपक्ष के लोग हम पर आरोप लगा रहे हैं। लेकिन, मेरा मानना है कि इन युवाओं की मौत केवल दौड़ लगाने की वजह से नहीं हुई है। इसके पीछे कोरोना टीके का दुष्प्रभाव हो सकता है। जो टीका दुनिया के बाकी हिस्सों में नहीं लगा, वह हमारे देश के लोगों को लगाया गया। बता दें कि झारखंड के उत्पाद विभाग में कांस्टेबल के 583 पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया में दौड़ के दौरान 12 युवकों की मौत हुई है। इसे लेकर भाजपा हेमंत सोरेन सरकार पर हमलावर है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने 2 सितंबर को रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन मौतों के लिए हेमंत सोरेन सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के करीब एक घंटे बाद ही सीएम हेमंत सोरेन ने कांस्टेबल बहाली के लिए दौड़ को तीन दिनों तक स्थगित करने की घोषणा की थी। उन्होंने मौत के कारणों की समीक्षा की भी बात कही थी। इस मामले में सोरेन ने अब भाजपा के आरोप पर पलटवार किया है।



### दिल्ली में प्रीमियम बस सेवा की शुरूआत, नागरिकों को मिलेगी बेहतर परिवहन सुविधा

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में यातायात की स्थिति सुधारने, नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा प्रदान करने और प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने प्रीमियम बस सेवा की शुरूआत की है। इस योजना के तहत, उबर ने अपनी सेवा शुरू कर दी है, जिसमें आधुनिक और आरामदायक बसें चलाई जाएंगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को राजघाट डिपो पहुंचकर बसों का निरीक्षण किया, जो कि इस योजना की शुरूआत का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना न केवल यातायात की समस्या को कम करने में मदद करेगी, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को भी कम करने में योगदान देगी। इस दौरान परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि प्रीमियम बस पॉलिसी शुरू करने के लिए दो कंपनियों को लाइसेंस दिया गया है। यह पब्लिक ट्रांसपोर्ट में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें इलेक्ट्रिक बसों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये इलेक्ट्रिक बसें हैं, इनके संचालन से प्रदूषण में कमी आएगी। लाइसेंस देने के लिए कुछ शर्तें रखी गई हैं।



## दिल्ली स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में भाजपा ने 7 और 'आप' ने 5 जोन में जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के वार्ड और स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव बुधवार को हुआ। इसमें भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) ने जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। दिल्ली नगर निगम के 12 जोन में से भाजपा ने 7 जोन में जीत दर्ज की है। जबकि, आम आदमी पार्टी 5 जोन में सफलता अर्जित कर सकी। नेता सदन मुकेश गोयल ने बताया कि आम आदमी पार्टी का बहुमत आया है। आने वाले समय के अंदर स्थायी समिति का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी आप पार्टी का ही होगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि सारा सरकारी तंत्र भारतीय जनता पार्टी के साथ मिला हुआ है। यह कहने की जरूरत नहीं है। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि नॉमिनेशन भरने के लिए केवल एक दिन का समय दिया गया, जबकि पहले एक सप्ताह से ज्यादा का समय मिलता था। उन्होंने कहा कि सारा सरकारी तंत्र उनके साथ है और जो करना चाहते हैं, वो करते हैं। इसके बावजूद हमने भाग लिया और सफलता मिली। जहां-जहां भी हमारा बहुमत है, वहां से हमारे चेयरमैन, डिप्टी चेयरमैन और स्थायी समिति के सदस्य जीतकर आए हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने का अधिकार दिया है। वहीं, एलजी वीके सक्सेना के निर्देश के बाद एमसीडी के सभी जोन के उपायुक्तों को पीठासीन अधिकारी बनाया गया है। इससे पहले मेयर शैली ओबेरॉय ने वार्ड समितियों की चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने से इनकार कर दिया था। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने मध्य दिल्ली में स्थित सिविक सेंटर और उसके आसपास सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए हैं। मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ी को तैनात किया गया।



# बुलडोजर एक्शन पर अखिलेश ने सरकार पर कसा तंज... सीएम योगी ने दिया जवाब

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने तंज कसते हुए कहा कि दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते। बुलडोजर चलाने के लिए बुलडोजर जैसी इच्छाशक्ति चाहिए। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग जारी है। इसकी शुरूआत बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव के रिएक्शन से हुई। उन्होंने कहा है कि 2027 में सपा की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश के सभी बुलडोजरों का रुख गोरखपुर की ओर होगा। उन्होंने यह बात कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कहीं। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने तंज कसते हुए कहा कि दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते।





### बुलडोजर दिमाग से नहीं स्टेयरिंग से चलता है : अखिलेश यादव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि बुलडोजर के पास दिमाग नहीं होता है वो स्टेयरिंग से चलता है। जनता कब स्टेयरिंग बदल दे कोई नहीं जानता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली वाले कब स्टेयरिंग बदल दे कोई नहीं जानता है। बता दें कि बुधवार को एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान दिया था कि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वही बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे।

### शिक्षकों के खिलाफ षडयंत्र रच रही है सरकार : अखिलेश यादव

69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के प्रदर्शन पर अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय सबसे ज्यादा कोई परेशान हैं तो वो शिक्षक हैं। हाईकोर्ट ने सूची रद्द कर दी है अब सरकार उनके खिलाफ षडयंत्र रच रही है।

### बुलडोजर चलाने के लिए बुलडोजर जैसी इच्छाशक्ति चाहिए : सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि अपराधियों पर बुलडोजर चलाने के लिए बुलडोजर जैसी इच्छाशक्ति चाहिए। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने यह बयान अखिलेश यादव की उस टिप्पणी के जवाब में दिया है जिसमें अखिलेश यादव ने कहा था कि सत्ता में आए तो 2027 के बाद बुलडोजर को गोरखपुर की तरफ मोड़ देंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब टीपू भी सुल्तान बनने के सपने देख रहे हैं। कुछ समय पहले एक नाटक आता था मुंगेरी लाल के हसीन सपने, आज वह लोग भी सपने देख रहे हैं। यह लोग सपना देख रहे हैं।

# दिल्ली की महापौर अपनी जिम्मेदारी से भाग गईं : योगेंद्र चंदोलिया

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने वार्ड कमेटी चुनाव को लेकर महापौर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बुधवार को आरोप लगाया कि महापौर अपनी जिम्मेदारी से भाग गई हैं और चुनाव को रुकवाने के लिए कोर्ट गई थीं, लेकिन कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई है, जिससे उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी झूठ बोलने में माहिर और लोकतंत्र विरोधी है। आम आदमी पार्टी ने पूरे दो वर्षों के अंदर सत्ता के केंद्रीकरण का दुरुपयोग किया है। 12 वार्ड में कमेटी के सदस्य होने के बावजूद कोई काम नहीं हुआ है। दिल्ली की मेयर ने नगर निगम को शर्मसार किया है। चंदोलिया ने मुकेश गोयल के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुकेश गोयल क्या कह रहे हैं, हमें उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि मुकेश गोयल किसी जमाने में कांग्रेस की वाह-वाह करते थे, राहुल गांधी और राजीव गांधी की बात करते थे, लेकिन आज वह आम आदमी पार्टी की बात करते हैं। आपको बताते चलें कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एमसीडी वार्ड समिति के चुनाव कराए जा रहे हैं। अब तक 7 जोन के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं, जिनमें से 4 जोन में आम आदमी पार्टी (आप) और 3 जोन में भाजपा उम्मीदवारों की जीत हुई है। नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुकेश कुमार गोयल ने कहा कि नतीजे हमारी उम्मीद के मुताबिक हैं। स्थायी समिति में भी हमारे लोग होंगे। स्थायी समिति के गठन के बाद विकास अच्छी गति से होगा और रुके हुए प्रस्तावों में तेजी आएगी। दिल्ली नगर निगम में वार्ड कमेटियों के चुनाव में 18 महीने की देरी होने के बाद, जनहित को ध्यान में रखते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने एमसीडी एक्ट के अनुच्छेद-487 का उपयोग करते हुए निगमायुक्त को चुनाव कराने के निर्देश दिए, जिससे वार्ड कमेटियों के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।



### हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा : राहुल गांधी

**रामबन।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की जनता से स्टेटहुड वापस दिलाने का वादा किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने का दावा भी किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, श्पहली बार हिंदुस्तान के एक राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर लोगों के अधिकार छीने गए। हिंदुस्तान के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड का दर्जा वापस करना होगा, क्योंकि सिर्फ आपका राज्य ही नहीं छीना गया है, आपसे आपके अधिकार, आपकी संपत्ति, सब कुछ छीना जा रहा है। 1947 में हमने राजाओं को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार बनाई, हमने देश को संविधान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में एक राजा बैठा है, उसका नाम एलजी है। लेकिन, वो राजा है जो आपकी संपत्ति आपसे छीनकर बाहर के लोगों को दे रहा है।" राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा, "हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा, हम चाहते थे कि चुनाव से पहले आपको राज्य का दर्जा मिले और फिर चुनाव हों, लेकिन भाजपा यह नहीं चाहती। भाजपा चाहे या ना चाहे, इंडिया गठबंधन इतना दबाव डालेगी कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना ही होगा।



# 'अगर शिवाजी की प्रतिमा स्टेनलेस स्टील से बनाई जाती तो वह नहीं गिरती' : नितिन गडकरी

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के निर्माण के लिए अगर स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल किया गया होता तो वह नहीं गिरती। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के ढहने पर अभी भी सियासी बवाल मचा हुआ है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सलाह दी कि अगर प्रतिमा के निर्माण के लिए स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल किया गया होता तो वह नहीं गिरती।

**मामला:** दरअसल, इसी 26 अगस्त को सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में स्थापित की गई छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिर गई थी। सिंधुदुर्ग जिले में चार दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौसेना दिवस पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया था। 35 फुट की इस प्रतिमा का अनावरण नौसेना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में किया गया था। इस प्रतिमा के ढहने पर लगातार सियासी हंगामा जारी है।

**प्रतिमा किस वजह से गिरी:** सिंधुदुर्ग में पिछले सप्ताह भारी बारिश और तेज हवाएं चली थीं। घटना के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तेज हवाओं के कारण प्रतिमा गिरने की बात कही। उन्होंने कहा, 'यह प्रतिमा नौसेना द्वारा स्थापित की गई थी। उन्होंने इसे डिजाइन भी किया था। लेकिन लगभग 45 किमी प्रति घंटा की तेज हवाओं के कारण यह गिर गई और क्षतिग्रस्त हो गई।' इसके अलावा भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि प्रतिमा को असाधारण मौसम की स्थिति के कारण दुर्भाग्यपूर्ण क्षति हुई है।

संरचनात्मक इंजीनियर अमरेश कुमार ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, 'प्रतिमा मामले में, भार या जलवायु परिस्थितियों जैसे बाहरी कारणों से समस्या नहीं हुई है। बल्कि, नट और बोल्ट में जंग के कारण, जैसा कि पीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, प्रतिमा के अंदर फ्रेम बनाने वाले स्टील की प्लेटों में खराबी आ सकती है।' इस बीच, महाराष्ट्र कला निदेशालय के निदेशक राजीव मिश्रा ने कहा कि 35 फीट ऊंची प्रतिमा बनाने की नहीं बल्कि 6 फीट ऊंची प्रतिमा बनाने की अनुमति दी गई थी। निदेशालय को इसकी वास्तविक ऊंचाई और इसके निर्माण में स्टील प्लेट के इस्तेमाल के बारे में जानकारी नहीं थी।

**घटना के बाद सरकार ने क्या कदम उठाया :** महाराष्ट्र सरकार ने प्रतिमा गिरने के कारणों की जांच के लिए इंजीनियरों, आईआईटी विशेषज्ञों और नौसेना के अधिकारियों की एक तकनीकी समिति गठित की है। सिंधुदुर्ग के पुलिस अधीक्षक सौरभ अग्रवाल ने फोरेंसिक जांच के लिए धातु के नमूने पहले ही ले लिए हैं। उधर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर संरचनात्मक सलाहकार चेतन पाटिल और कलाकार जयदीप आप्टे को कोल्हापुर से गिरफ्तार किया है।



### तटीय इलाकों में जंग रोधी उत्पादों के इस्तेमाल पर जोर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के निर्माण के लिए अगर स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल किया गया होता तो वह नहीं गिरती। गडकरी ने तटीय इलाकों में जंग रोधी उत्पादों के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि वह पिछले तीन साल से इस बात पर जोर दे रहे हैं कि समुद्र के पास बने पुलों के निर्माण में स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल होना चाहिए। महाराष्ट्र के पीडब्ल्यूडी मंत्री के रूप में अपने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वह मुंबई में 55 फ्लाईओवर बना रहे थे और एक व्यक्ति ने उन्हें बेवकूफ बनाया। उन्होंने आगे बताया, 'शख्स ने लोहे की छड़ों पर कुछ पाउडर कोटिंग लगाई और कहा कि ये जंगरोधी हैं। लेकिन उनमें जंग लग गई। मेरा मानना है कि स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल समुद्र से 30 किलोमीटर के भीतर ही किया जाना चाहिए।'

# हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ेंगी विनेश फोगाट! राहुल गांधी से मुलाकात के बाद आया अपडेट


**चंडीगढ़।** पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक में मात्र 100 ग्राम वजन बढ़ने के कारण पदक की दौड़ से बाहर हो गई थीं। इस बार उनके कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की चचाएं तेज हैं। विधानसभा चुनाव लड़ने की चचाओं के बीच पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। राहुल गांधी के बाद वे दिल्ली में कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में वजन के कारण विनेश फोगाट पदक से चूक गई थीं। जब वे भारत लौटीं थीं तो उन्हें हरियाणा कांग्रेस के नेता दीपेंद्र हुड्डा भी मिलने पहुंचे थे। तभी से उनके राजनीति में आने की चचाएं तेज हो गई हैं। हालांकि इस सवाल पर विनेश फोगाट कह चुकी हैं कि वे इस बारे में आराम से बैठकर सोचेंगी।



### हरियाणा में 66 सीटों पर कांग्रेस के नाम तय

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 66 सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर दिए हैं। मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में 41 सीटों में से 32 सीटों पर चर्चा हुई। एक दिन पहले यानी सोमवार को 34 सीटों पर नाम फाइनल हो चुके थे। वहीं, दो दिन की बैठक में ओलंपियन बजरंग पुनिया और व विनेश फोगाट के नामों पर चर्चा नहीं हुई है। हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा- वीरवार को तय हो जाएगा कि दोनों चुनाव लड़ रहे हैं या नहीं। वहीं, सूची भी वीरवार को जारी कर दी जाएगी। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

# पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले एथलीट्स को पीएम मोदी ने दी बधाई




**पेरिस।** पेरिस पैरालंपिक में भारतीय दल का दमदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने अब तक 21 पदक जीते हैं, जिनमें तीन स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य शामिल हैं। भारतीय दल ने टोक्यो में 19 पदक जीतने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बुधवार को पुरुषों की एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में सचिन सरजेकराव खिलाड़ी ने रजत पदक जीता। वहीं, मंगलवार को मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद टी63 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। अब पीएम मोदी ने दोनों को बधाई दी है।

### प्रधानमंत्री ने दी भारतीय एथलीट्स को बधाई

पीएम ने बुधवार को सचिन और मरियप्पन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्वीट कर बधाई दी। पीएम ने मरियप्पन को शुभकामनाएं देते हुए लिखा- पुरुषों की ऊंची कूद टी63 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मरियप्पन थंगावेलु को बधाई। यह सराहनीय है कि उन्होंने पैरालंपिक के लगातार तीन संस्करणों में पदक जीते हैं। उनका कौशल, निरंतरता और दृढ़ संकल्प असाधारण है। वहीं, पीएम ने सचिन को शुभकामनाएं देते हुए लिखा- पेरिस पैरालंपिक में सचिन खिलाड़ी को उनकी अविश्वसनीय उपलब्धि के लिए बधाई। शक्ति और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने पुरुषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में रजत पदक जीता है। भारत को उन पर गर्व है।



### सचिन ने जीता रजत

सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने 16.32 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। सचिन बस 0.06 मीटर से स्वर्ण पदक चूक गए। सचिन ने दूसरे प्रयास में ही 16.32 मीटर का थ्रो किया था। हालांकि, वह इससे ऊपर निकलन में कामयाब नहीं हो सके। कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में भारत के मोहम्मद यासेर आठवें और रोहित कुमार नौवें स्थान पर रहे।

### मरियप्पन ने जीता कांस्य

मरियप्पन थंगावेलु ने मंगलवार को पुरुषों की ऊंची कूद टी63 के फाइनल में कांस्य पदक जीता। मरियप्पन ने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था। हालांकि, इस बार उन्हें 1.85 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मरियप्पन को शुरूआत में वॉलीबॉल में दिलचस्पी थी। अपनी हालत के बावजूद वो स्कूल में वॉलीबॉल खेलते थे। मगर बाद में उनकी टीचर ने उन्हें हाई-जंप के लिए प्रेरित किया। मरियप्पन ने 14 साल की उम्र में सामान्य खिलाड़ियों को हराकर सिल्वर मेडल जीता। 2015 में मरियप्पन वर्ल्ड नंबर वन बने।

## दीप्ति जीवांजी को राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी बधाई




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला पैरा एथलीट दीप्ति जीवांजी के 400 मीटर टी20 वर्ग में कांस्य पदक जीतने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह आपके समर्पण की जीत है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, पेरिस 2024 पैरालिंपिक में महिलाओं की 400 मीटर - टी20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर दीप्ति जीवनजी को बधाई। उन्होंने कई प्रतिकूलताओं के बावजूद लचीलापन और समर्पण का प्रदर्शन किया है। मैं भविष्य में उनकी और भी उच्च उपलब्धियों की कामना करती हूं। वहीं पीएम मोदी ने भी दीप्ती को बधाई देते हुए ट्वीट किया, पैरालंपिक 2024 में महिलाओं की 400 मीटर टी20 में शानदार कांस्य पदक जीतने के लिए दीप्ति जीवनजी को बधाई। वह अनगिनत लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनका कौशल और दृढ़ता सराहनीय है। भारतीय महिला पैरा एथलीट दीप्ति जीवांजी ने 400 मीटर टी20 वर्ग में कांस्य पदक जीता। दीप्ति ने फाइनल में 55.82 सेकेंड का समय



लिया और उनका रिएक्शन टाइम 0.164 सेकेंड रहा। इस तरह दीप्ति तीसरे स्थान पर रहीं। भारत ने इस तरह पेरिस पैरालंपिक में 16वां पदक जीता। यह मंगलवार को भारत का पहला पदक रहा। इससे पहले भारत ने सोमवार को कुल आठ पदक अपने नाम किए थे।

इसी महीने 21 बरस की होने वाली दीप्ति यूक्रेन की यूलिया शुलियार (55.16 सेकेंड) और विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्किये की आयसेल ओंडर (55.23 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 श्रेणी बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए है।

### गरीबी में बिताया बचपन, माता-पिता के समर्थन से बढ़ीं आगे

तेलंगाना के वारंगल जिले के कलेडा गांव में जन्मीं दीप्ति ने पैरा स्पोर्ट्स की दुनिया में उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। बौद्धिक दुर्बलता और गरीबी सहित कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, दीप्ति एक विश्व रिकॉर्ड धारक और कई लोगों के लिए प्रेरणा की किरण बन गई हैं। दीप्ति का प्रारंभिक जीवन वित्तीय संघर्षों और सामाजिक पूर्वाग्रहों से भरा था। उनके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर थे, जिन्हें गुजारा चलाने के लिए अपनी जमीन भी बेचनी पड़ी थी। दीप्ति की बौद्धिक दुर्बलता के कारण शुरू में उनका उपहास उड़ाया गया। हालांकि, दीप्ति माता-पिता उसके साथ खड़े रहे और उनके समर्थन ने दीप्ति की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## टोक्यो का रिकॉर्ड भी टूटा

# पेरिस पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों का जलवा



**नई दिल्ली।** भारत ने पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार टोक्यो 2020 के पदकों की संख्या को पार करते हुए 20 पदकों का आंकड़ा छू लिया है, और बुधवार को यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। पैरालंपिक में अपने डेब्यू पर दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 दौड़ में कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात पैरा-एथलेटिक्स में भारत ने अपने पदकों की संख्या में चार और पदक जोड़ लिए, जिनमें दो डबल-पोडियम फिनिश के साथ भारत ने टोक्यो में जीते गए 19 पदकों की संख्या को पार कर लिया। इस प्रक्रिया में भारत ने पैरालंपिक खेलों में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार कर लिया और वर्तमान में उसके कुल पदकों की संख्या 51 हो गई है। अजीत सिंह ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 65.62 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि सुंदर सिंह गुर्जर ने 64.96 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। इस जीत के साथ भारत ने पेरिस पैरालंपिक में एथलेटिक्स में पहली बार दोहरा पोडियम स्थान हासिल किया। बाद में, शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी63 में 1.88 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ रजत पदक जीता, और टी42 श्रेणी में नया पैरालंपिक रिकॉर्ड स्थापित किया। शरद ने इस स्पर्धा में टोक्यो में अपने कांस्य पदक को भी अपग्रेड किया। 2016 पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता मरियप्पन थंगावेलु ने 1.85 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ कांस्य पदक जीता, जिससे पेरिस खेलों में एथलेटिक्स में भारत का दूसरा दोहरा पोडियम फिनिश हासिल हुआ। एक दिन में पांच पदक जीतकर भारत दिन के अंत में तीन स्वर्ण, सात रजत और 10 कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में 19वें स्थान पर पहुंच गया।

### इन इवेंट्स में भाग लेंगे, जिसका लक्ष्य ऐतिहासिक पदक तालिका में और पदक जोड़ना है।

पुरुषों की सी2 व्यक्तिगत टाइम ट्रायल - : शेख अरशद
महिलाओं की सी1-3 व्यक्तिगत टाइम ट्रायल - : ज्योति गडेरिया
पुरुषों की शॉट पुट - : एफ46 फाइनल - : मोहम्मद यासर, रोहित कुमार, सचिन सरजेराव खिलारी
महिलाओं की शॉट पुट - : एफ46 फाइनल -, अमीषा रावत
पैरा पावरलिफ्टिंग पुरुषों की 49 किग्रा -, परमजीत सिंह
पैरा पावरलिफ्टिंग महिलाओं की 45 किग्रा - : सकीना खातून
पुरुषों की क्लब थ्रो - : एफ51 फाइनल, - धर्मबीर, प्रणव सूरमा, अमित कुमार सरोहा

# नवारो, सबालेंका और फ्रिट्ज सेमीफाइनल में

## बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी अंतिम-4 के मैच में हारी




**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो ने मंगलवार को फ्लशिंग मीडोज में हमवतन पाउला बडोसा को 6-2, 7-5 से हराया। नवारो क्वार्टर फाइनल के इस मैच के दूसरे सेट में एक समय पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने आखिरी छह गेम जीत कर पासा पलट दिया। उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर भी इस मैच के गवाह बने। संन्यास लेने के बाद पहली बार वह दर्शक के रूप में अमेरिकी ओपन में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका साल का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की कवायद में हैं। वह अमेरिकी ओपन में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका पिछले साल उपविजेता रही थी। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने मैच के बाद कहा, 'जब मैंने दर्शकों के बीच फेडरर को देखा तो मुझे लगा कि वह फ्रांसिस टियाफो और ग्रिगोर दिमित्रोव का मैच देखने के लिए पहुंचे हैं। लेकिन फिर भी मैंने तय किया कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना है ताकि वह इसका आनंद उठा सकें। पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में अमेरिका के 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने अमेरिकी ओपन में 2020 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (2), 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराकर पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई।

### बोपन्ना और सुत्जियादी की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्डिला सुत्जियादी मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की अमेरिकी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत और इंडोनेशिया की जोड़ी ने इससे पहले एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में मैथ्यू एबडेन और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा को हराया था। 44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही पुरुष युगल से बाहर हो गए थे। उनकी और एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीय जोड़ी से 1-6, 5-7 से हार गई थी। इससे पहले टूर्नामेंट में, सुमित नागल पुरुष एकल के पहले दौर में हार गए थे, जबकि युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी भी पुरुष युगल के अलग-अलग चरणों में हारकर बाहर हो गए थे।

# ज्वेरेव पर शानदार जीत से फ्रिट्ज अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने नंबर 4 सीड और 2020 यूएस ओपन उपविजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर 7-6(2), 3-6, 6-4, 7-6(3) से जीत दर्ज की और अपने करियर की 33वीं ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार की रात से पहले, फ्रिट्ज ने 2022 की शुरूआत के बाद से मेजर टूर्नामेंटों में अपने सभी चार क्वार्टर फाइनल मैचों में से प्रत्येक में हार का सामना किया था। फ्रिट्ज के हवाले से यूएस ओपन वेबसाइट ने कहा,"मुझे अद्भुत महसूस हो रहा है. पिछले कुछ वर्षों में मैंने क्वार्टर फाइनल पर बहुत नजर डाली है। आज अलग महसूस हुआ. मुझे वास्तव में ऐसा महसूस हुआ कि इसे एक कदम आगे ले जाने का समय आ गया है, और यह उचित ही है कि मैं इस कोर्ट पर इस भीड़ के सामने ओपन में ऐसा कर रहा हूं। इस ग्रैंड स्लैम सीजन में यह दूसरी बार है कि फ्रिट्ज ने जर्मन खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन किया है, क्योंकि विंबलडन में 16वें राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ज्वेरेव को हराया था। 2005 में आर्थर ऐश स्टेडियम के अंदर आंद्रे अगासी और रॉबी गिनेप्री के बीच पांच-सेटर की लड़ाई के बाद से कोई भी प्रमुख अमेरिकी सेमीफाइनल नहीं हुआ है। फ्रिट्ज का सेमीफाइनल में हमवतन फ्रांसिस टियाफो से मुकाबला होगा।

ज्वेरेव के साथ अपनी एटीपी हेड-टू-हेड श्रृंखला को 5-5 से बराबर करके, फ्रिट्ज ने दूसरी बार एटीपी फाइनल में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को भी बढ़ा दिया। एटीपी के अनुसार, ज्वेरेव को हराने के बाद एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अमेरिकी खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास से ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं और न्यूयॉर्क में खिताब जीतकर वह छठे स्थान पर पहुंच सकते हैं।

# निहाल, रुद्रांश मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 फाइनल में नहीं बना पाए जगह



**चेटोरौक्स (फ्रांस)।** भारत के निहाल सिंह और रुद्रांश खंडेलवाल बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन में क्रमशः 19वें और 22वें स्थान पर रहने के बाद मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। निहाल 522 के कुल स्कोर के साथ समाप्त हुआ जबकि रुद्रांश ने 60-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड में 517 अंक अर्जित किए। इससे पहले, निहाल क्वालीफिकेशन में 10वें स्थान पर रहने के बाद मिश्रित 25 मीटर पिस्टल (एसएच1) के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। रुद्रांश और निहाल दोनों ने इस साल मार्च में पैरा-शूटिंग विश्व कप में मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था। इस जोड़ी ने टोक्यो पैरालंपिक पदक विजेता सिंहराज अधाना के साथ मिश्रित 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। 2015 में एक शादी समारोह में आतिशबाजी के कारण हुए विस्फोट में अपना बायां पैर गंवाने के बाद रुद्रांश ने अपने पास के घर में महीनों बिताए थे। खेल में उनका उत्थान तब शुरू हुआ जब उनके समर्पित माता-पिता ने सुझाव दिया कि उन्हें राजस्थान के उत्तरी राज्य के शहर भरतपुर में एक स्थानीय शूटिंग रेंज की यात्रा के बाद इसे आजमाना चाहिए। भारत ने अब तक पेरिस में कुल मिलाकर 21 पदक जीते हैं, जो 2021 में टोक्यो पैरालंपिक खेलों की तुलना में दो अधिक हैं। भारत के पास वर्तमान में तीन स्वर्ण, आठ रजत और दस कांस्य पदक हैं।

# दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड के बाद भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान संभव



**मुंबई।** भारतीय टेस्ट टीम का अभ्यास सत्र चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 12 सितंबर से शुरू होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरूआत 19 सितंबर से होगी। बांग्लादेश का अभ्यास सत्र चेपॉक पर ही 15 सितंबर से शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है। यह घोषणा दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के बाद होने की संभावना है, जो 5 से 8 सितंबर तक बेंगलुरु और अनंतपुर में प्रस्तावित है। दलीप ट्रॉफी में शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, मुकेश कुमार, श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और केएस भरत समेत अन्य खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। इनके अलावा कई और ऐसे खिलाड़ी हैं जो दलीप ट्रॉफी के जरिए टीम इंडिया में आने की अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इनमें देवदत्त पड़िक्कल, रजत पाटीदार, यश दयाल, बी साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत दो मैचों के साथ, अपने लंबे टेस्ट सीजन की शुरूआत करने के लिए तैयार है, जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लूटीसी) 2023-25 का हिस्सा है। चेन्नई में पहला टेस्ट होगा जबकि कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। इसके बाद भारत और बांग्लादेश को तीन मैचों की टी20 सीरीज भी खेलना है जिसका समापन 12 अक्तूबर को होगा। इसके बाद, भारत पांच सफेद गेंद मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट खेलेगा और फिर साल के अंत में पांच टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगा। भारत की पिछली टेस्ट सीरीज इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ थी, जहां रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की थी। उसके बाद से आईपीएल और फिर टी20 विश्व कप में भारतीय खिलाड़ी व्यस्त थे, जहां टीम इंडिया विश्व विजेता बनी।

# दिमित्रोव के रिटायर होने से टियाफो सेमीफाइनल में



**न्यूयॉर्क।** फ्रांसिस टियाफो ने ग्रिगोर दिमित्रोव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में जीत के बाद यूएस ओपन के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दिमित्रोव को चोट के कारण रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा, उस समय टियाफो यहां आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 6-7(5), 6-3, 4-1 से आगे थे। बुल्गारियाई, जो पूरे मैच में वर्चस्व के लिए संघर्ष कर रहा था, तीसरे सेट के बाद के चरणों में काफी संघर्ष करने लगा। आठवें गेम के दौरान, दिमित्रोव के लिए खेलना बहुत अधिक कठिन हो गया और अंततः उन्होंने फिजियो को बुलाया। खेल जारी रखने के अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, दिमित्रोव तीन घंटे और चार मिनट के संघर्ष के बाद रिटायर हो गए। टियाफो ने मैच के बाद कहा, मैं नहीं चाहता था कि यह इस तरह खत्म हो, लेकिन मैं आगे बढ़ने से स्पष्ट रूप से खुश हूं। यहां एक और सेमीफाइनल में जगह बनाना अविश्वसनीय है। मैच जिस तरह से समाप्त हुआ, उसके बावजूद टियाफो ने अपने प्रदर्शन से खुश होकर कहा, यह वास्तव में उच्च स्तरीय मैच था। टियाफो दो सेटों में लव की बढ़त लेने के करीब थे, जब वह दूसरे सेट में 6-5 पर पहुंच गए, लेकिन दिमित्रोव को टाई-ब्रेक के लिए मजबूर होना पड़ा। एक प्रतिकूल मोड़ में, दिमित्रोव, जो टाई-ब्रेक में 6-3 से आगे थे, ने बैक-टू-बैक पॉइंट पर डबल-फॉल्ट किया। टियाफो ने अपनी ही दोहरी गलती से उसकी बराबरी कर ली, लेकिन अंततः मैच एक-एक सेट पर बराबर हो गया। टियाफो के आक्रामक रवैये का फायदा मिलता रहा और उन्होंने 14 ब्रेक मौकों के साथ मैच समाप्त किया, जिसमें से छह को भुनाया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने सर्वश्रेष्ठ टेनिस का प्रदर्शन किया, जिसमें दिमित्रोव ने शानदार एक-हाथ वाले बैकहैंड फ्लिक और पासिंग शॉट्स दिए, जबकि टियाफो का चतुर स्पर्श और नेट पर त्वरित प्रतिक्रिया पूरे जोरों पर थी। आगे देखते हुए, टियाफो 2005 यूएस ओपन के बाद पहले पूर्ण अमेरिकी पुरुष प्रमुख सेमीफाइनल में अपने देश के टेलर फ्रिट्ज से भिड़ने के लिए तैयार हैं। 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज अपने आमने-सामने के रिकॉर्ड 6-1 से आगे हैं, हालांकि टियाफो ने 2016 में इंडियन वेल्स में उनके बीच पहला मुकाबला जीता था। यूएस ओपन में टियाफो की सफलता उन्हें फ्रिट्ज को पछाड़कर एटीपी रैंकिंग में अमेरिकी नंबर 1 बना सकती है, बशर्ते वह खिताब जीतें। दूसरी ओर, दिमित्रोव ने 37-14 के सीजन रिकॉर्ड के साथ न्यूयॉर्क को छोड़ दिया। इस साल ग्रोइन चोट के कारण विंबलडन से उनका रिटायर होना पहले से ही सत्र को चुनौतीपूर्ण बनाता है और यूएस ओपन से उनका प्रस्थान असफलताओं की सूची में जुड़ गया है। जैसे ही टियाफो सेमीफाइनल में आगे बढ़ता है, फ्रिट्ज के साथ एक रोमांचक संघर्ष के लिए मंच तैयार हो जाता है, जिसमें विजेता 2009 में विंबलडन में एंडी रोडिक के बाद ग्रैंड स्लैम एकल फाइनल में पहुंचने वाला पहला अमेरिकी व्यक्ति बनने के लिए तैयार है।

## अगला लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 में पेरिस

# पैरालिंपिक के रिकॉर्ड को तोड़ना है : सुहास यतिराज




**नई दिल्ली।** भारतीय दल ने 2024 पेरिस पैरालंपिक में अपने अब तक के सबसे ज्यादा पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत ने टोक्यो में 19 पदक का रिकॉर्ड बनाया था जो देश के लिए सर्वाधिक था। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने अब तक 20 पदक जीत लिए हैं और खेलों में अभी चार दिन बाकी हैं। अपना दूसरा लगातार रजत पदक केवल प्राप्त करने के बाद, सुहास यतिराज ने आईएएनएस से बात की और कहा कि 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले अगले पैरालंपिक में इस साल के रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य होगा। सुहास ने आईएएनएस से कहा, हमने टोक्यो में 19 पदक जीते थे और इस बार 20 पदक जीत चुके हैं। उम्मीद है कि हम पांच और पदक जीतेंगे। हमारा हमेशा से लक्ष्य रहा है कि हम पिछले रिकॉर्ड को बेहतर करें, जैसे हमने पेरिस में टोक्यो का रिकॉर्ड तोड़ा, वैसे ही लॉस एंजिल्स में पेरिस का रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य रहेगा। मुझे उम्मीद है कि पैरालंपिक के प्रति हमारे युवाओं में जागरूकता बढ़ती रहेगी। इन 20 पदकों में से भारतीय पैरा-बैडमिंटन टीम ने पांच पदक जीते हैं, जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। टीम सोमवार को भारत वापस आई और राजधानी में एक कार्यक्रम में केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा उनका स्वागत किया गया। सुहास के साथ, थुलासिमथि मुरुगेसन ने भी अपनी श्रेणी में रजत पदक जीता और कहा कि भारत लौटने पर उन्हें सेलिब्रिटी जैसा महसूस हो रहा है।

थुलासिमथि ने आईएएनएस से कहा, बहुत अच्छा लग रहा है और मैं अपने पहले पैरालंपिक में पदक जीतने पर बहुत गर्व महसूस कर रही हूं। यह मेरा सपना था कि मैं इस प्रतियोगिता में हिस्सा लूं और पदक जीतना इसे और भी खास बना देता है।